# सुमन सागर

साप्ताहिक

वर्ष - 01 ▪ अंक - 12 ▪ सिलवासा, शुक्रवार 4 जून 2021 ▪ पृष्ठ-4 ▪ मूल्य - रू. 3 ▪ संपादक - अशोक कुमार तिवारी ▪ sumansagardnh@gmail.com ▪ T.C. No. : DDHIN00039


# संघ प्रदेश में स्कूलों के लिए नई ग्रांट-इन-एड्ड नीति लागू

## प्रशासन से अनुदान लेने वाली स्कूलों को करना होगा बेहतर प्रदर्शन



**सिलवासा।** केन्द्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण दीव प्रशासक प्रफुल पटेल ने स्कूलों के लिए एक नई ग्रान्ट-इन-एड्ड नीति लागू की है, जिसमें अनुदान को स्कूल के परफोर्मेंस से जोड़ा जा रहा है। यह नई ग्रान्टइन-एड्ड नीति स्कूली शिक्षा को प्राप्त करना, गुणवत्ता और दक्षता में सुधार लाने के उद्देश्य से लागू की गई है। मुख्य रूप से एसएससी/ एचएससी परीक्षा परिणाम में ग्रान्ट-इन-एड्ड विद्यालयों/ संस्थानों का प्रदर्शन साल-दरसाल अलग-अलग होता है। इस नीति के माध्यम से केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन ने परफोर्मेंस को ग्रान्ट-इन-एड्ड से जोड़कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एक नई पहल की है। केन्द्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव के प्रशासक प्रफुल पटेल ने केंद्रशासित प्रदेश में शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता में सुधार के लिए कई अभिनव कदम उठाए हैं, जिसमें नई ग्रान्ट-इन-एड्ड नीति शामिल है। यह परफोर्मेंस से जुड़ी नीति ग्रान्ट-इन-एड्ड की पहली प्रणाली है। शिक्षा विभाग ने नई ग्रान्टइन-एड्ड नीति की अधिसूचना जारी की है। नई ग्रान्ट-इन-एड्ड नीति को सही ढंग से समझने और सुचारू रूप से लागू करने के लिए शिक्षा सचिव पूजा जैन की अध्यक्षता में प्रदेश के तीनों जिलों के सभी ग्रान्टइन- एड्ड विद्यालयों के प्रतिनिधियों और प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गयी। पर्फोर्मेन्स आधारित ग्रान्ट-इनएड्ड नीति दो श्रेणियों में दी जाएगी अर्थात वेतन अनुदान और रखरखाव के साथ-साथ स्कूलों को उपकरण के लिए अनुदान, वेतन अनुदान में शिक्षण और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के वेतन शामिल हैं। रखरखाव और उपकरणों के लिए अनुदान का उपयोग रखरखाव लागत, उपकरण की खरीद आदि के लिए किया जाएगा। वेतन अनुदान स्कूल शिक्षा पर्फोर्मेन्स सूचकांक (एसईपीआई) में स्कूल द्वारा अर्जित अंकों के आधार पर होगा। एसईपीआई में गुणवत्ता और सुलभ परिणाम, उचित परिणाम, कौशल विकास, अतिरिक्त पाठ्यक्रम परिणाम और सहायक व्यवस्था और सुविधाओं सहित 5 व्यापक क्षेत्र हैं। गुणवत्ता और सुलभ परिणाम में एसएससी / एचएससी बोर्ड परीक्षाओं में स्कूल का पर्फोर्मेन्स और शिक्षा के अगले चरण में संक्रमण दर शामिल हैं। समान परिणाम अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के छात्रों और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के छात्रों के नामांकन प्रतिशत जैसे संकेतकों के माध्यम से शिक्षा में समानता सुनिश्चित करते हैं। कौशल विकास असफल छात्रों पर केंद्रित है। यह ऐसे छात्रों को अधिक कौशल सीखने या पूरक परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए मार्गदर्शन करने पर आधारित है। राष्ट्रीय स्तर पर पाठ्येतर गतिविधियों में स्कूल की भागीदारी और उपलब्धि पर ध्यान केंद्रित करने वाले विशेष पाठ्यक्रम के परिणाम। बुनियादी सुविधाओं और सुविधाओं में स्कूल में कार्यात्मक कंप्यूटर प्रयोगशाला, पुस्तकालय, स्मार्ट क्लास सुविधाएं और खेल का मैदान जैसे संकेतक शामिल हैं। कुल 600 अंकों में से स्कूल को ग्रान्ट-इन- एड्ड के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए कम से कम 250 अंक अर्जित करने चाहिए। यदि लगातार 3 वर्षों तक कुल स्कोर 350 से कम है, तो ग्रान्ट-इन-एड्ड वापस ले लिया जाएगा। यदि विद्यालय का कुल अंक 500 से अधिक है, तो विद्यालय 100% वेतन अनुदान के लिए पात्र होगा। रखरखाव और उपकरणों के लिए अनुदान समग्र शिक्षा के स्कूल अनुदान के घटकों के तहत प्रदान की जाने वाली राशि के 2.5 गुना की सीमा के अधीन दिया जाएगा। उपकरणों के रखरखाव और अनुदान की अधिकतम सीमा 7.5 लाख। नई ग्रान्ट-इन-एड्ड नीति वर्तमान शैक्षणिक वर्ष (2021- 22) से संघ प्रदेश में लागू किया जाएगा।

### कोरोना के घटते मामलों के साथ प्रशासन की अच्छी पहल


# अब दमण और दानह जिले में वीकेंड कर्फ्यू हटा रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक जारी रहेगा कर्फ्यू



**सिलवासा।** केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण तथा दीव प्रशासन ने प्रदेश के दो जिलों दमण और दादरा नगर हवेली में वीकेंड तथा पब्लिक हॉली-डे कर्फ्यू में राहत देते हुए इसे हटाया है। जबकि दीव जिले में फिलहाल कोई राहत नहीं दी गई है। प्रदेश प्रशासन की कडी मेहनत और जनता द्वारा दिए जा रहे रचनात्मक सहयोग के कारण दमण और दादरा नगर हवेली जिले में कोरोना की रफ्तार काफी धीमी पडने लगी है। मार्च-अप्रैल के मुकाबले महज 10 प्रतिशत मामले ही दोनों जिलों में सामने आ रहे है। ऐसे में नागरिकों एवं व्यापारियों को राहत देने के उद्देश्य से केंद्र शासित प्रदेश थ्रीडी प्रशासन ने शनिवार, रविवार तथा पब्लिक हॉली-डे का कर्फ्यू पूरी तरह से हटा दिया है। हालांकि दूसरे दिनों की तरह वीकेंड और पब्लिक हॉली-डे में रात्रि कर्फ्यू जारी रहेगा। प्रशासन ने रात्रि कर्फ्यू के समय में भी राहत देते हुए रात 8 बजे के स्थान पर रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक कर दिया है। जिसके कारण शाम से लेकर रात तक व्यवसाय करने वाले छोटे नास्ता एवं अन्य सामानों की बिक्री करने वाले छोटे ठेलेवालों एवं दुकानदारों को भी काफी राहत मिलेगी। प्रशासन के आदेश के मुताबिक मेडिकल सर्विस, फूड सर्विस और औद्योगिक श्रमिकों की आवाजाही को कर्फ्यू में छूट दी गई है। प्रशासन ने सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक, राजनैतिक, शादी समारोह, श्मशान यात्रा में ज्यादा से ज्यादा 50 लोगों की उपस्थिति को कंटेनमेंट जोन के बाहर मंजूरी दी है। जिसमें कोरोना प्रोटोकॉल के पालन को अनिवार्य रखा गया है। केंद्र शासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण तथा दीव चिकित्सा एवं परिवार कल्याण सचिव डॉ. ए. मुथम्मा के द्वारा जारी किये गये नये आदेश के बाद दमण और दादरा नगर हवेली जिले को बडी राहत मिली है। जबकि दीव जिले में अनिवार्य संजोगों के कारण पुरानी पाबंदी जारी रखी गई है।


### संघ प्रदेश दानह में मुश्किल हो रहा अपराधियों का छुपना

# पीपरिया से 1095 ग्राम गांजा के साथ 2 आरोपी पकड़ाए



**सिलवासा।** दानह में युवा एवं किशोरों द्वारा गांजा के सेवन की खबरे सामने आने के बाद डीआईडीपी विक्रमजीत सिंह द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश जारी हुआ था। इसके बाद एसपी हरेश्वर वी. स्वामी, एसडीपीओ मनस्वी जैन के मार्गदर्शन में सिलवासा थानाप्रभारी सेबेस्टियन देवासिया और अन्य पुलिस आउटपोस्ट प्रभारियों ने नशीले पदार्थों का सेवन तथा बिक्री करने वालों पर कार्रवाई करने के लिए अभियान शुरू किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार 31 मई 2021 के दिन पिपरिया आउटपोस्ट के सहायक उपनिरीक्षक के.जे. सोलंकी और उनकी टीम पिपरिया आउट पोस्ट क्षेत्र में नियमित गश्त पर थी तभी दो संदिग्ध व्यक्तियों को ए-1 बॉम्बेबिर्यानी, आमली के पास पाया गया। पुलिस को देखते ही दोनों की हरकतें बदल गई और पुलिस को उन पर शक हुआ। अजीब हरकतों के बाद पुलिस ने उन्हें पूछताछ के लिए रोका तो उन्होंने मौके से भागने की कोशिश की। तभी पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पुलिस वसंत नागो कोली के हाथ में जो बैग थी उसकी जांच की तो उसमें गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने बरामद 1095 ग्राम गांजे की कीमत 10950 रुपए आंकी है। इसके बाद पुलिस ने वसंत कोली (आयू-51 वर्ष-बाविसा फलिया- सिलवासा, मूल-अमलनेर, जिला जलगांव, महाराष्ट्र) और खंडू भाटा पाटिल (43 वर्ष- पातलीया फलिया-सिलवासा, मूलनंदूरबाद, महाराष्ट्र) को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को मंगलवार के दिन सिलवासा कोर्ट में पेश किया जहां 4 जून तक रिमांड मंजूर किया गया है।

# चोरी की 7 बाइक के साथ युवक गिरफ्तार



**सिलवासा।** सिलवासा पुलिस ने चोरी की 7 अलग-अलग कंपनियों की बाइक के साथ एक किशोर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। जानकारी के अनुसार 30 मई 2021 को सिलवासा पुलिस थाने में जितेंद्र कुमार रामब्रीज सिंह की शिकायत के आधार पर एक बाइक चोरी की शिकायत दर्ज की गई थी। शिकायत के अनुसार 50 हजार रुपए कीमत की डीएन 09 जे 6310 नंबर की बाइक सिविल अस्पताल के बगल में एवं सुरभी बार के सामने पार्क गई थी जहां से चोरी हो गई थी। चूंकि सिविल अस्पताल परीसर में बढ़ती चोरी की घटनाओं को लेकर इसे डीआईजीपी डीडीडीएनएच विक्रमजीत सिंह के निर्देश पर गंभीरता से लिया गया। इसके बाद दानह एसपी हरेश्वर वी. स्वामी एवं एसडीपीओ मनस्वी जैन के मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया। जिसमें सिलवासा थाना प्रभारी सेबस्टियन देवासिया, पीएसआई सूरज राउत, एएसआई बी.वी. पाटिल, पुलिस कांस्टेबल जे.सी. गावित, विशाल पांडे, प्रशांत राठौर, चेतन पड़वी आदि शामिल थे। जांच के दौरान टीम ने उपलब्ध सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बारीकी से विश्लेषण करते हुए स्त्रोत की जानकारी हासिल की। इसके बाद संदिग्ध की पहचान की गई। पुलिस के अनुसार बाइक चोर आरोपी किशोर को हिरासत में लेते हुए पूछताछ करने के बाद उससे चोरी की अन्य 6 बाइक भी बरामद कर ली गई। इस मामले में 6 बाइक कहां-कहां से चोरी हुई थी इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। सिलवासा पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है।

# सोमनाथ क्षेत्र में 16 वर्षीय लड़के ने की आत्म हत्या

## परिवारजनों में शोक की लहर

**दमण।** दमण के सोमनाथ क्षेत्र में 16 वर्षीय पटेल समाज के लडके ने अगम्य कारणों से आत्म हत्या कर ली है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक, सोमनाथ मंदिर के पास रहने वाले गणपत पटेल के 16 वर्षीय पुत्र धृवीन कुमार गणपत पटेल ने अपने पार्किंग शेड के एंगल में मेडिकल में इस्तेमाल पट्टे से फंडा लगाकर आत्म हत्या की है। घटना की जानकारी परिवारजनों को सुबह 8.30 बजे के आसपास मिलते ही परिवारजन तुरंत पार्किंग स्थल दौडकर पहुंचे। वहां जमीन पर धृवीन की लाश पडी हुई थी। परिवारजन तुरंत धृवीन को लेकर मरवड अस्पताल पहुंचे जहां डॉक्टर ने धृवीन को मृत घोषित किया। घटना की जानकारी कलरिया आउट पोस्ट की पीएसआई हिरल पटेल को मिलते ही तुरंत पुलिस टीम के साथ घटना स्थल पर पहुंची और जांच शुरु कर दी। पुलिस द्वारा परिवारजनों का बयान भी लिया गया है। पुलिस ने अकस्मातन मौत का मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरु कर दी है। युवा अवस्था की छोटी सी उम्र में बेटे द्वारा अपना जीवन अचानक समाप्त किये जाने से परिवारजनों में शोक की लहर दौड गई है।

# महंगी साइकिलों पर हाथ साफ करने वाले शातिर चोर को सिलवासा पुलिस ने धरदबोचा



**सिलवासा।** दादरा नगर हवेली में पिछले कुछ दिनों से एक के बाद एक कई महंगी साइकिलों के चोरी हो जाने का मामला सिलवासा पुलिस थाने में दर्ज कराए गए थे। इतनी तेजी से महंगी साइकिलों की हो रही चोरी के मामले को सिलवासा पुलिस थाना प्रभारी सबास्टियन देवासिया ने बड़ी ही गंभीरता से लिया और इस मामले में पुलिस के सामने बड़ी चुनौती उस समय हो गई जब पुलिस विभाग में ही काम करने वाले धर्मेश हलपति नामक होमगार्ड की साइकल पर भी चोर ने हाथ साफ कर दिया। जिसके बाद 24 अप्रैल को धर्मेश हलपति की शिकायत पर सीआर नंबर 317 आईपीसी की धारा 379 के तहत अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ पुलिस फरियाद दर्ज कराई गई। इस मामले की जांच की जिम्मेदारी एएसआई भास्कर पाटिल और उनकी टीम को सौंपी गई। जिसमें विशाल पांडे, प्रकाश राठौड़ और जीतू गावित शामिल थे। टीम के सदस्यों को बड़ी ही सफलता उस समय हाथ लगी जब कलेक्टर बंगलों के पीछे ही नरोली रोड पर मारवाड़ी की चाल में रहने वाले संदीप गुप्ता नामक एक व्यक्ति उनके संदेह के घेरे में आया। जिसके बाद पुलिस की टीम संदीप गुप्ता को वाच करने लगी और जब उस को गिरफ्तार किया गया तो उसके पास से चोरी की अट्ठारह साइकिलें बरामद हुई और पुलिस ने उसको हिरासत में लेकर और कितनी चोरियों को उसने अंजाम दिया है इसकी छानबीन शुरू कर दी है।

# स्वर्गीय सुमनबेन त्रिवेदी के परिवार ने दमणवासियों को एंबुलेंस की भेंट

**दमण।** दमण में स्वर्गीय सुमनबेन त्रिवेदी के परिवार की ओर से उनकी स्मृति में एक एंबुलेंस दमणवासियों के लिए भेंट की गई। डिप्टी कलेक्टर चार्मी पारेख के हाथों एंबुलेंस का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर डीएमसी प्रेसिडेंट सोनल पटेल, भाजपा महामंत्री वासू पटेल, काउंसिलर प्रमोद राणा, सरपंच मुकेश गोसावी, पटलारा जिला पंचायत सदस्य मेहुल पटेल, हिंदू श्मशान भूमि के ट्रस्टी अशोक राणा, भरत भट्ट, प्रमोद शाह, वकील भक्तिबेन, देवेश गजरे, ईश्वर पटेल, नलिन गजरे, उमेश टंडेल, निर्भय ओझा, महादेव मंगला, किशोर दमाणिया, कल्पेश प्रजापति सहित कई महानुभाव उपस्थित रहे। त्रिवेदी परिवार की ओर से सुरेश त्रिवेदी, सुनीता त्रिवेदी, प्रमोद त्रिवेदी राजन त्रिवेदी रंजीता त्रिवेदी अनीता त्रिवेदी उपस्थित रहे। डिप्टी कलेक्टर चार्मी पारेख ने एंबुलेंस का लोकार्पण करते हुए कहा त्रिवेदी परिवार ने दिवंगत सुमनबेन त्रिवेदी के निधन कि दुःख की घड़ी में दमण की सेवा करने का यह जो संकल्प किया है वह काबिले तारीफ है। परिवार जन के अचानक निधन का दुःख होते हुए भी इस परिवार ने दमणवासियों की सोची और कुछ ही दिनों में नागरिकों की सुविधा के लिए एंबुलेंस उपलब्ध करा दी। गौरतलब है कि मोटी दमण के त्रिवेदी परिवार द्वारा नागरिकों की सेवा के लिए दी गई एंबुलेंस की दमण वासी सेवा ले सकते हैं। एंबुलेंस की सेवा का क्षेत्र सूरत और मुंबई तक लिया जा सकेगा। दर्शाए गए मोबाइल नंबर 9 5 3 7 7 6 9 9 8 8 , 9 8 2 4 1 2 2 7 9 5 , 9 8 7 9 2 6 2 2 7 6 , 9898027691 पर कांटेक्ट कर एंबुलेंस की सेवा ले सकेगा।

# दमण-दीव स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. को 12 करोड़ से ज्यादा का मुनाफा

**दमण।** केन्द्रशासित प्रदेश दादरा एवं नगर हवेली और दमण-दीव प्रशासक प्रफुल पटेल ने पिछले वर्ष जून महीने में दमणदी व स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. का शासन बोर्ड ऑफ डिरेक्टर से खींचकर बैंक में एडमिनिस्ट्रेटर के रुप में यूटीस कैडर के अधिकारी करणजीत वाडोदरिया की नियुक्ति करने का दाव सफल रहा है। प्रशासक प्रफुल पटेल के सीधे मार्गदर्शन में बैंक के एडमिनिस्ट्रेटर करणजीत वाडोदरिया और उनकी टीम द्वारा की जा रही कडी मेहनत के कारण पिछले 11 महीने में दमण-दीव स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. का अद्भूत प्रदर्शन देखने को मिला है। पिछले वित्तीय वर्ष (कोरोना काल) में दमण-दीव स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. ने 12 करोड से ज्यादा का मुनाफा अर्जित किया है। इतना ही नहीं पिछले 1 साल में बैंक का एनपीए भी घट गया है। जो ग्राहक 20- 20 सालों से बैंक को पैसा नहीं लौटा रहे थे वे भी बैंक में जा- जाकर खुद पैसा जमा करवा रहे है। बैंक का कार्यभार जब बैंक की बाडी के पास था तब बैंक का एनपीए 31 करोड रुपये था। अब बैंक का एनपीए सिर्फ 14 करोड रुपये रह गया है। जिसे भी वसूलने के लिए बैंक की पूरी टीम लगातार प्रयास कर रही है। प्रशासन ने बैंक का संचालन अपने हाथों में लेने के बाद करणजीत वाडोदरिया ने बैंक के फालतू खर्चो को बंद कराया, रिकवरी पर जोर दिया, एनपीए घटना के लिए लगातार प्रयास किया, स्पर्धात्मक लोन और डिपोजिट व्याज दर, योग्य रिकॉर्ड व्यवस्था, विभाजन प्रक्रिया तथा मॉर्गेजप्रॉपटियों में बैंक का नाम दाखिल कराने का ठोस निर्णय लिया। जिसके चलते बैंक में प्रॉपर्टी मॉर्गेज कराकर बैंक को समय पर भुगतान नहीं करने के बाद भी इसी प्रॉपर्टी पर अन्य बैंकों से भी लोन उठाने या प्रॉपर्टियों को बेच देने या दूसरे के नाम पर चढा देने जैसे अवैध कार्यो पर भी पूर्णविराम लग गया। बैंक का एनपीए अब सिर्फ 5.89 प्रतिशत है, नेट एनपीए 4.29 प्रतिशत है, एनपीए खाताओं की संख्या 1241 थी अब सिर्फ 416 रह गयी है। बैंक का सीआरएआर पिछले वित्तीय वर्ष के बाद 4.84 प्रतिशत था जो अब 9.13 प्रतिशत हो गया है। बैंक की डिपोजिट 560 करोड के पार है। जबकि 252 करोड की लोन दमण-दीव के नागरिकों को दी गयी है। प्रशासन ने दमण-दीव स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लि. को लाइसेंस दिलाने के लिए सबसे जरुरी शर्त सरकार की ओर से शेयर केपिटल देने को पूरा करते हुए ढाई करोड रुपये का शेयर केपिटल दमण-दीव स्टेट को- ऑपरेटिव बैंक लि. को दिया है। पिछले 11 महीने में प्रशासन द्वारा संचालन हाथ में लेने के बाद दमण-दीव के शेयर एवं डिपोजिट धारको और ग्राहको का बैंक के प्रति विश्वास बढ़ा है। बैंक की बदली सूरत एवं स्थिति को देखकर बैंक के ग्राहक केन्द्रशासित प्रदेश थ्रीडी प्रशासन के प्रति आभार भी प्रकट कर रहे है। गौरतलब है कि दमण-दीव स्टेट को- ऑपरेटिव बैंक लि. में व्यवस्था परिवर्तन तथा बैंक को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से 3 जून 2020 को प्रशासक प्रफुल पटेल ने बैंक का संचालन प्रशासन के हाथों में लेने का कठोर निर्णय लिया था। पिछले 11 महीने में बैंक में आये बदलाव और डिपोजिट धारकों की जमा पूंजी को मिली सुरक्षा के कारण प्रशासक के निर्णय को आमजनता काफी सराह रही है।

# घोघला चेक पोस्ट से तड़ चेक पोस्ट तक 12 किमी की फोरलेन रोड़ का सर्वे शुरू



**दीव।** दीव के घोघला चेक पोस्ट से तड चेक पोस्ट बनने वाले फोरलेन रोड़ का आज एजेंसी द्वारा सर्वेकिया गया। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली तथा दमण-दीव प्रशासन द्वारा दीव जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने विकास कार्य किए जा रहे हैं, इन विकास कार्यों में समुद्र तटों के विकास के साथ-साथ मार्गों का चैड़ीकरण तथा उन्हें आधुनिक रूप से विकसित करना है। इसी के तहत संघ प्रदेश प्रशासन ने घोघला चेक पोस्ट से तड चेक पोस्ट तक फोरलेन का निर्माण किया जा रहा है। इस मार्ग के लिए टेंडर भी जारी किए जा चुके हैं और इस फोरलेन के कार्य को अहमदाबाद की कंपनी को सौंपा गया है। आज अहमदाबाद की कंपनी के 6 सदस्यों द्वारा घोघला चेक पोस्ट से तड चेक पोस्ट तक जीपीएस के माध्यम से सर्वे किया गया।

CMYK CMYK

## सार समाचार

### पाकिस्तान में हिंदू कारोबारी की हत्या पर विरोध प्रदर्शन, कराची को जोड़ने वाली सड़क पर घंटों जाम

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के व्यापारियों ने एक हिंदू व्यापारी की हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया है। प्रदर्शन की वजह से खुजदार और कराची के बीच कई घंटों तक जाम लगा रहा। 'द एक्सप्रेस ट्रिब्यून' की रिपोर्ट के अनुसार, खुजदार और कराची के बीच कई घंटों तक यातायात बाधित रहा, जबकि व्यापारियों ने सोमवार को एक हिंदू व्यापारी की हत्या के खिलाफ बलूचिस्तान के खुजदार जिले के वाध शहर में पूरी तरह बंद कर दिया। पुलिस के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार अज्ञात हथियारबंद लोगों ने वाध बाजार में अशोक कुमार के रूप में पहचाने जाने वाले एक व्यापारी पर उस समय गोलियां चला दीं, जब वह अपनी दुकान पर बैठे थे। इससे कुमार को चोटें आई हैं। उन्हें सरकारी अस्पताल वाध ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। हिंदू व्यापारी की हत्या की सूचना मिलते ही वाध के व्यापारियों ने अपनी दुकानें बंद कर दीं और खुजदार और कराची के बीच यातायात को बाधित करते हुए बैरिकेड्स लगाकर राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया। रिपोर्ट में बताया गया है कि बलूचिस्तान नेशनल पार्टी (बीएनपी-मंगल) के रक्षक व्यापारियों और कार्यकर्ताओं ने स्थानीय प्रशासन और संबंधित अधिकारियों के खिलाफ नारेबाजी की है।

### सैमसंग के बॉस को रिहा करने की सिफारिश, उद्योगपतियों ने की कोरिया के राष्ट्रपति से मुलाकात

सियोल। दक्षिण कोरिया में उद्योगपतियों के एक समूह ने जेल में बंद सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन जे वाई. ली को जेल से रिहा करने की सिफारिश की है। उद्योगपतियों ने एक औपचारिक लंच के दौरान देश के राष्ट्रपति मून जे-इन से यह सिफारिश की। राष्ट्रपति से कहा गया कि जे वाई. ली को जेल से रिहा करना करना चाहिए, क्योंकि यह चिप उद्योग में देश की बढ़त बनाए रखने के लिए एक जरूरी कदम है। दुनिया के सबसे बड़े मेमोरी चिप निर्माता और दूसरे सबसे बड़े कॉन्ट्रैक्ट चिप निर्माता सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स कंपनी लिमिटेड के वाइस चेयरमैन जे वाई. ली को रिश्वत, गबन और अन्य अपराधों के लिए दोषी ठहराया गया है और उन्हें 30 महीने जेल की सजा सुनाई गई है। राष्ट्रपति मून की प्रवक्ता पार्क क्यूंग-मी के मुताबिक, एसके ग्रुप के चेयरमैन चे ताए-वोन ने राष्ट्रपति मून से अप्रैल के महीने में रिहाई के लिए दी गई संयुक्त याचिका पर विचार करने के लिए कहा है। बता दें कि अप्रैल के महीने में ये संयुक्त याचिका कोरिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री समेत पांच बिजनेस लॉबी द्वारा दी गई थी। प्रवक्ता पार्क के एक बयान के मुताबिक, 'राष्ट्रपति मून ने कहा है कि वो कंपनियों की दिक्कतों को समझते हैं, लेकिन किसी भी फैसले पर पहुंचने से पहले वो जनता की राय जानना चाहते हैं, इसके बाद ही वो कोई फैसला लेंगे।'

### रसायनों से भरे इस मालवाहक जहाज से श्रीलंका के समुद्री इलाके में दशकों बाद पर्यावरण को गंभीर खतरा, चिंतित हुई दुनिया

कोलंबो, एजेंसियां। श्रीलंका के पश्चिमी समुद्र तट पर एक जहाज आग लगने के बाद डूब रहा है। रसायनों से भरे इस मालवाहक जहाज से श्रीलंका के समुद्री इलाके में दशकों बाद गंभीर पर्यावरणीय खतरा उत्पन्न हो गया है। हादसे में कम नुकसान के लिए भारतीय दल भी सहायता कर रहे हैं। सिंगापुर में पंजीकृत एमवी एक्सप्रेस पर्ल नाम के इस जहाज में 25 टन नाइट्रिक एसिड के साथ ही 1486 कंटेनर लदे हुए हैं।

#### जहाज में 20 मई को लगी थी आग

यह पश्चिमी तट पर रुका हुआ था, तभी इसमें 20 मई को आग लग गई थी। नौसेना ने कहा कि हम आग से जूझ रहे हैं, इसमें लदे रसायनों वाले कंटेनर जहाज के डेक से गिर गए हैं। अब जहाज का पिछला हिस्सा तेजी से डूब रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार यह कई दशकों के बाद सबसे बड़ा हादसा है, जिससे पर्यावरण को गंभीर संकट हो गया है। इसने मछली पकड़ने वाले समृद्ध क्षेत्र को पूरी तरह खत्म कर दिया है।

### ईरान को बड़ा झटका, नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत आग लगने के बाद ओमान की खाड़ी में डूबा

दुबई, एजेंसियां। इजरायल के साथ बेहद तनावपूर्ण संबंधों के बीच ईरानी नौसेना का सबसे बड़ा युद्धपोत खर्ग भीषण आग लगने के बाद ओमान की खाड़ी में डूब गया। लगातार बीस घंटे तक आग पर काबू पाने का प्रयास किए जाने के दौरान चालक दल के सभी सदस्यों को सुरक्षित निकाल लिया गया है। यह घटना ईरानी बंदरगाह जास्क के पास हुई है। आग लगने के कारण पर अभी रहस्य बना हुआ है।

**इजरायल से तनाव के बीच ईरान को बड़ा झटका**

ईरान के सरकारी टीवी के अनुसार खर्ग युद्धपोत में आग स्थानीय समय के अनुसार मंगलवार को देर रात 2.25 बजे लगी। यहां पर युद्धपोत पर अभ्यास चल रहा था। ओमान की खाड़ी होर्मुज जलडमरूमध्य से जुड़ती है। यह स्थान तेहरान से लगभग 1270 किमी. दूर है। ईरान के सबसे बड़े इस युद्धपोत को बचाने के सभी प्रयास बेकार साबित हुए। लाइफ जैकेट पहने चालक दल के सदस्यों को बाहर निकालते हुए वीडियो ईरान में वायरल हो रही है। चालक दल सदस्यों के पीछे जहाज में भयंकर आग लगी दिखाई दे रही है।

# इजरायल में एकजुट हो रहे विपक्षी दल, पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के लिए अहम है आज का दिन

**यरूशलम। (एजेंसी)।**



इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के लिए बुधवार का दिन अहम है। देश में राष्ट्रपति चुनाव हो रहे हैं और संसद नेसेट में 120 सांसद नए राष्ट्रपति को चुनने के लिए मत डालेंगे। वहीं विपक्षी दल गठबंधन सरकार बनाने के लिए बुधवार को बहुमत होने की घोषणा कर सकते हैं। राष्ट्रपति पद की दौड़ में शामिल इसाक हेरजोग वरिष्ठ राजनेता हैं और इजरायल के एक प्रतिष्ठित परिवार से ताल्लुक रखते हैं जबकि दूसरे उम्मीदवार मिरियम पेरेत्ज शिक्षाविद हैं। हेरजोग (60) इजरायल की लेबर पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं विपक्ष के नेता हैं। 2013 के संसदीय चुनाव में वह इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ खड़े हुए थे लेकिन हार गये थे। पेरेत्ज (67) राष्ट्रवादी विचारधारा की हैं। यदि वह चुनाव जीत जाती हैं तो इस पद की शोभा बढ़ाने वाली पहली महिला होंगी। जिस भी उम्मीदवार को 120 सदस्यीय नेसेट में कम से कम 61 मत मिल जाएंगे वह जीत जाएगा। चुनाव जीतने वाला उम्मीदवार देश का 11वां राष्ट्रपति बनेगा और उसका सात साल का कार्यकाल नौ जुलाई से आरंभ होगा। वर्तमान राष्ट्रपति रेउवेन रिवलिन अगले महीने पद छोड़ने वाले हैं। उधर प्रधानमंत्री नेतन्याहू के विरोधी बुधवार को उनके 12 साल के शासन को समाप्त करने के लिए एक गठबंधन सरकार के गठन की मशक्कत कर रहे हैं। नेतन्याहू इजराइल के सबसे लंबे समय तक रहने वाले प्रधानमंत्री हैं। मध्यमार्गी विचारधारा के येर लापिद और अति राष्ट्रवादी माने जाने वाले नाफ्ताली बेनेट ने गठजोड़ किया है और बारी-बारी से प्रधानमंत्री बनने को सहमत हुए हैं। वे अन्य दलों को भी शामिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। इजरायल के मीडिया के अनुसार निचले स्तर पर होने वाली राजनीतिक नियुक्तियों को लेकर कुछ असहमतियां हैं, लेकिन लापिद बुधवार को किसी भी वक्त गठबंधन की घोषणा कर सकते हैं। उनके पास इजराइल के निवर्तमान राष्ट्रपति रिवलिन को सूचित करने के लिए मध्यरात्रि तक का समय है। उन्हें सूचित करना है कि उनके पास नेसेट में कम से कम 61 सदस्यों का समर्थन है। इसके बाद उन्हें विश्वास मत हासिल करना होगा। अगर लापिद मध्यरात्रि की समयसीमा तक राष्ट्रपति को सूचित नहीं कर पाते तो देश में दो साल के भीतर ही पांचवीं बार चुनाव की स्थिति बन जाएगी। ऐसे में नेतन्याहू को पद पर बने रहने का एक और मौका मिल जाएगा, जो भ्रष्टाचार के मामले में मुकदमे का सामना कर रहे हैं।

# अफगान शांति मसले पर बैठक करेंगे चीन, पाक व अफगानिस्तान के विदेश मंत्री

**बीजिंग (एजेंसी)।**



अफगान शांति प्रक्रिया पर चर्चा के लिए चीन के विदेश मंत्री वांग यी गुरुवार को पाकिस्तान और अफगानिस्तान के अपने समकक्षों के साथ त्रिपक्षीय बैठक की मेजबानी करेंगे। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के मद्देनजर चीन इन दोनों देशों के साथ राजनयिक संबंधों को मजबूती दे रहा है।

चीनी विदेश मंत्रालय ने बुधवार को घोषणा करते हुए कहा कि वांग वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से चीन-अफगानिस्तान-पाकिस्तान के विदेश मंत्रियों की चौथी त्रिस्तरीय बैठक की मेजबानी करेंगे। इस बैठक में पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी और अफगानिस्तान के विदेश मंत्री मोहम्मद हनीफ अतमार हिस्सा लेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वांग वेनबिन ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि तीनों विदेश मंत्री अफगान शांति एवं सुलह प्रक्रिया, व्यावहारिक सहयोग, आतंकवादरोधी एवं सुरक्षा सहयोग के मद्देनजर विचार साझा करेंगे। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी को देखते हुए पिछले महीने चीन ने शांति बनाए रखने को लेकर अफगान सरकार और तालिबानी आतंकियों के बीच वार्ता की मेजबानी करने की पेशकश की थी।

# भारत में लगे लॉकडाउन से बड़े शहरों में वायु प्रदूषण के साथ कम हुआ जमीन की सतह का तापमान

**लंदन। (एजेंसी)।**




कोरोना महामारी के कारण पिछले साल भारत में लगाए गए देशव्यापी लॉकडाउन से वायु प्रदूषण तो कम हुआ ही, उसके अलावा यह बात भी सामने आई है कि बड़े शहरों में जमीन की सतह का तापमान भी कम हुआ। यह निष्कर्ष यूनिवर्सिटी ऑफ साउथम्पटन (यूके) और सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ झारखंड के शोध से निकला है। शोधकर्ताओं की टीम ने अपने अध्ययन में अर्थ आब्जर्वेशन सेंसर के डाटा का इस्तेमाल किया है।

#### भारत के छह प्रमुख शहरों का किया गया अध्ययन

इसमें पिछले साल मार्च से मई के महीने में भारत के छह प्रमुख शहरों- दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में जमीन की सतह का तापमान, वायु प्रदूषण और एयरोसोल की स्थिति में आए बदलाव का आकलन किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि देशभर में वातावरण में नाइट्रोजन डाइआक्साइड की मात्रा में औसतन 12 फीसद कमी आई, जबकि इन छह शहरों में यह आंकड़ा 31.5 फीसद रहा। यह भी पाया कि इन शहरों में पिछले पांच वर्षों (2015-2019) की तुलना में लैंड सरफेस टेंपरेचर (एलएसटी) में दिन में औसतन एक डिग्री और रात में दो डिग्री तक की कमी आई। शोधकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में 40 फीसद की कमी आई है।

#### प्रतिबंधों के कारण हुआ महत्वपूर्ण पर्यावरणीय सुधार

अध्ययन में पाया गया कि कोरोना महामारी की शुरुआत में लगाए गए यात्रा और कार्य प्रतिबंधों के कारण औद्योगिक गतिविधियों में अचानक कमी और भूमि और हवाई परिवहन के उपयोग में बड़ी कमी के कारण महत्वपूर्ण पर्यावरणीय सुधार हुआ।

शोधकर्ताओं ने सतह के तापमान और वायुमंडलीय प्रदूषकों और एरोसोल में परिवर्तन को मापने के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के सेंटीनेल -5 पी और नासा के मोडिस सेंसर सहित पृथ्वी अवलोकन सेंसर की एक श्रृंखला से डेटा का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि अकेले भारत में खराब वायु गुणवत्ता के संपर्क में आने के कारण सालाना लगभग 16,000 लोगों की अकाल मौतें होती हैं।

# चीन के खिलाफ आवाज उठाने की ब्लॉगर को मिली सजा, गलवान में मारे गए चीनी सैनिकों की संख्या पर उठाए थे सवाल

**बीजिंग। (एजेंसी)।**




चालबाज चीन अपनी गलतियां छुपाने के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। ड्रैगन ने एक बार फिर ऐसी ही चालाकी चली है। जिसमें उसने अपनी नाकामी को छुपाने के लिए एक नया कानून बना दिया है। चीनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों को जेल में बंद किया जा रहा है। दरअसल, पिछले साल भारत के साथ गलवान घाटी में झड़प में मारे गए चीनी सैनिकों की संख्या को लेकर एक चीनी ब्लॉगर ने संदेह जताया था। जिसके बाद उसे चीनी सरकार ने एक नए कानून के तहत आठ महीने के लिए लेज की सजा सुना दी है। गौरतलब है कि पिछले साल जून के महीने में गलवान घाटी में एलएसी पर भारत और चीनी सेना के जवानों के बीच हिंसक झड़प हो गई थी। झड़प में चीन के चालीस से ज्यादा सैनिकों के हताहत होने की जानकारी मिली थी। लेकिन चीन ने कभी इस आंकड़ों को कबूला नहीं था।

चीनी सेना ने फरवरी में कहा था कि उनके केवल चार सैनिक ही शहीद हुए हैं। जिसके बाद चीन के सेना माइक्रो ब्लॉगिंग साइट के फेमस ब्लॉगर चाउ जेमिंग ने फरवरी में ही दो वीडियो पोस्ट किये थे। जिसमें उन्होंने कहा था कि चीनी अधिकारियों के जरिये घोषित चार मौतों की जगह चीनी सेना को सीमा संघर्ष में भारी हताहतों का सामना करना पड़ा होगा। इसके बाद चाउ को मार्च में गिरफ्तार कर लिया गया। अब उन्हें चीनी नायकों और शहीदों को बदनाम करने का दोषी पाया गया है। वहीं चाउ जेमिंग को अदालत ने मार्च में पारित किए गए नए सुरक्षा कानून के तहत दोषी बनाया।

#### ब्लॉगर को हुई 8 महीने की सजा

ब्लॉगर को सजा देने के साथ ही इसे राष्ट्रीय मीडिया के जरिये 10 दिनों के भीतर अपने बयान के लिए माफी मांगने का भी आदेश दिया गया। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि चाउ ने अपनी गलती स्वीकार की है और अदालत में अपनी मर्जी से कहा है कि वह आगे कभी इस तरह की हरकत नहीं करेगा। इसलिए उसे कम सजा दी गई है। इससे पहले 1 मार्च को चाउ जेमिंग की तरफ से टीवी चैनल पर आकर अपने बयान के लिए माफी मांगी गई थी।

# सिंगापुर में हवाई यात्रियों के लिए संक्रमित नहीं होने की पुष्टि करने वाली रिपोर्ट दिखाना अनिवार्य



**बीजिंग। (एजेंसी)।**

सिंगापुर। सिंगापुर के अधिकारियों ने विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि देश में आने वाले यात्री विमान में सवार होने से पहले कोरोना वायरस जांच की वैध रिपोर्ट प्रस्तुत करें। ÷चैनल न्यूज एशिया÷ की खबर में बताया गया कि यह नियम सिंगापुर के नागरिकों और स्थायी निवासियों पर भी लागू होगा। इससे पहले केवल दीर्घकालीन पास धारकों और कम वक्त के लिए आने वाले आगंतुकों को कोविड-19 पॉलीमरेज चेन रिएक्शन (पीसीआर) जांच रिपोर्ट देने की जरूरत थी, जिसमें उनके संक्रमित नहीं होने की पुष्टि हो।

इन नये निर्देशों से पहले स्वास्थ्य मंत्रालय ने पिछले हफ्ते घोषणा की थी कि सिंगापुर के नागरिकों और स्थायी निवासियों को अब देश में आने वाली उड़ानों के प्रस्थान से 72 घंटे पहले कराई गई जांच की रिपोर्ट पेश करनी होगी। सिंगापुर के नागर विमानन प्राधिकरण के सुरक्षा निदेशक मार्गरेट टैन ने कहा, 'विमानन कंपनियों को सिंगापुर आने वाली उड़ान में सवार होने की किसी भी ऐसे यात्री को अनुमति नहीं देनी चाहिए, जो जरूरी पीसीआर जांच की रिपोर्ट न प्रस्तुत करे या पीसीआर जांच की रिपोर्ट पॉजिटिव हो।

टैन ने कहा कि ये पीसीआर प्रमाण-पत्र सिंगापुर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा निर्दिष्ट अंतरराष्ट्रीय रूप से स्वीकृत या मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला, क्लीनिक या अस्पताल से जारी होनी चाहिए। यहां चांगी हवाईअड्डे तक उड़ान सेवाओं का परिचालन करने वाली सभी विमानन कंपनियों को नये नियम से अवगत करा दिया गया है। मंत्रालय ने कहा कि जो लोग वैध नेगेटिव रिपोर्ट के साथ आएंगे, उन्हें प्रवेश नहीं करने दिया जा सकता है। उसने साथ ही कहा कि जो स्थायी निवासी और दीर्घकालिक पास धारक इसका अनुपालन नहीं करेंगे, उनके परमिट या पास भी रद्द किए जा सकते हैं। आव्रजन एवं जांच बिंदु प्राधिकरण (आईसीए) की सेफ ट्रैवल वेबसाइट के मुताबिक, विमान या नौका से यात्रा करने वाले लोगों को सिंगापुर में आगमन पर हवाई या समुद्री जांच केंद्रों पर जांच परिणाम प्रस्तुत करेंगे।

इस बीच, सिंगापुर एयरलाइन्स ने कहा कि यात्रियों को उनके सेवा एजेंटों को वैध नेगेटिव जांच प्रमाण-पत्र दिखाना होगा। खबर में विमानन कंपनी के प्रवक्ता के हवाले से कहा गया, 'जो यात्री वैध प्रमाण-पत्र नदीं दिखा पाएंगे उन्हें विमान में सवार होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।' हालांकि, विमानन कंपनी ने कहा कि जो समय से कोविड-19 जांच नहीं करवा पाएंगे उन्हें बिना किसी जुर्माने के दूसरी उड़ान के लिए बुकिंग करने की अनुमति होगी।

# ईरानी नौसेना का ताकतवर जहाज आग के बाद ओमान की खाड़ी में समाया, जांच में जुटे अधिकारी

तेहरान। ईरान की नौसेना का सबसे बड़ा जहाज खर्ग आग लगने के बाद बुधवार को ओमान की खाड़ी में डूब गया। एक समाचार एजेंसी के मुताबिक नौसेना के इस जहाज को बचाने के सभी प्रयास नाकाम रहे। जानकारी के मुताबिक नौसेना के जहाज में आग देर रात 2.25 बजे लगी, तब से ही दमकलकर्मी लगातार आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे। यह घटना ओमान की खाड़ी में तेहरान से करीब 1,270 किलोमीटर दूर दक्षिणपूर्व में स्थित जस्क बंदरगाह के पास हुई।

#### सोशल मीडिया पर वायरल हुई तस्वीरें

सोशल मीडिया पर डूबते हुए नौसेना के जहाज की तस्वीरें वायरल हो रही हैं। वायरल तस्वीरों में लाइफजैकेट पहने नौसैनिकों को जहाज को निकालते हुए देखा जा सकता है। साथ ही तस्वीरों में जहाज में लगी आग और धुएं को भी देख सकते हैं। ईरान के सरकारी न्यूज चैनल खर्ग को एक 'प्रशिक्षु जहाज' बता रहे हैं। खर्ग जहाज का ईरान की नौसेना में बहुत महत्व था। उधर, नौसेना के अधिकारी इस बात की जांच कर रहे हैं कि जहाज में किन कारणों से आग लगी। इसको लेकर ईरान की सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। खर्ग जहाज का डूबना ईरान के लिए बड़ा हादसा है। साल 2020 में ईरानी सेना के अभ्यास के दौरान जस्क बंदरगाह के पास ही एक मिसाइल गलती से नौसेना के जहाज से टकरा गई थी, जिससे 19 सैनिकों की मौत हो गई थी और 15 सैनिक घायल हो गए थे।

# सीरिया को सहायता पहुंचाने के सिलसिले में तुर्की रवाना हुईं अमेरिकी राजदूत

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड यह सुनिश्चित करने के लिए मंगलवार देर रात तुर्की रवाना हुईं कि विभिन्न सीमाओं से सीरिया तक मानवीय सहायता पहुंचायी जाए। दरअसल, रूस ने केवल एक सीमा से मानवीयता सहायता पहुंचाने पर जोर देते हुए कहा कि सीरिया सरकार को लाखों जरूरतमंदों को दी जाने वाली हर तरह की सहायता पर नियंत्रण रखना चाहिए।



ग्रीनफील्ड की यात्रा ऐसे वक्त में हो रही है जब मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के आदेश की अवधि 10 जुलाई को समाप्त हो रही है। अब यह मानवीय सहायता तुर्की से सीरिया के विद्रोहियों के कब्जे वाले उत्तर पश्चिम हिस्से में केवल एक सीमा से पहुंचायी जा रही है। यह सब सीरिया के करीबी सहयोगी रूस के दबाव के चलते हुआ। यह यात्रा अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के 14 जून को ब्रसेल्स में नाटो शिखर सम्मेलन के इतर तुर्की के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन के साथ पहली मुलाकात के मद्देनजर हो रही है। एक समय रणनीतिक साझेदार माने जाने वाले तुर्की और अमेरिका के बीच रिश्ते हाल के वर्षों में बिगड़ गए हैं। उनके बीच सीरिया, रूस के साथ तुर्की के सहयोग और पूर्वी भूमध्यसागर में तुर्की के नौसैन्य हस्तक्षेप को लेकर भी मतभेद हैं। संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका के मिशन ने मंगलवार को घोषणा की कि ग्रीनफील्ड बुधवार से शुक्रवार तक तुर्की के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मुलाकात कर ''अमेरिका-तुर्की संबंध मजबूत करने, वैश्विक चुनौतियों से निपटने और सीरिया के मामले पर सहयोग बेहतर बनाने को लेकर हमारे नाटो सहयोगी के साथ काम करने के अवसरों पर चर्चा करेंगी''।

# सेना का अपमान करने के आरोप में घिरे पाकिस्तानी पत्रकार को अधिकारियों ने तलब किया

**इस्लामाबाद। (एजेंसी)।**

पाकिस्तान के एक पत्रकार ने मंगलवार को बताया कि उन पर प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान का अपमान करने के आरोप लगने के बाद अधिकारियों ने उन्हें तलब किया है। सेना को अकसर प्रमुख राष्ट्रीय संस्थान कहा जाता है। 'आज न्यूज पाकिस्तानी' टीवी चैनल के लिए काम करने वाले असद अली तूर ने कहा कि वह अपने वकील से इस संबंध में बातचीत कर रहे हैं कि उन्हें चार जून को संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होना चाहिए या नहीं। गौरतलब है कि हाल ही में कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने तूर के घर में घुसकर उन्हें पीटा था। वे लोग खुद को 'इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस (आईएसआई)' का बता रहे थे।

हमलावरों ने तूर को कई थप्पड़ मारे थे और उन पर एजेंसी का अपमान करने का आरोप भी लगाया था। हालांकि आईएसआई ने कहा था कि इस घटना से उसका कोई लेना देना नहीं है। पाकिस्तान के गृह मंत्री शेख राशिद अहमद ने कहा कि अधिकारी तूर पर हमला करने वालों को जल्द ही गिरफ्तार कर लेंगे, लेकिन तूर का कहना है कि वह सरकार की जांच से संतुष्ट नहीं हैं। तूर ने 'एपी' को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि हमलावरों में से एक ने उनके हाथ और पैर बांधने के बाद पिस्तौल से कई बार उनकी भुजाओं पर वार किया। तूर ने कहा, '' जब हमलावरों में से एक ने मेरे सिर पर पिस्तौल रखी तो मुझे लगा कि अब मेरी जान नहीं बचेगी।'' उन्होंने बताया कि उनके समर्थन में बात करने वाले उनके साथी पत्रकारों को भी परेशान किया जा रहा है। तूर ने बताया कि उनमें से एक मशहूर पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर हैं, जिन्हें शुक्रवार को एक रैली में सेना विरोधी भाषण देने के लिए पाकिस्तान के 'जियो न्यूज टीवी' पर उनके मशहूर शो से बाहर कर दिया गया था।

मीर ने मंगलवार को 'एपी' से कहा कि उन्होंने सेना के खिलाफ शायद ''कड़े शब्दों'' का इस्तेमाल किया लेकिन उनका भाषण देश में पत्रकारों पर बढ़ रहे हमलों की प्रतिक्रिया था। उन्होंने कहा कि वह रैली में तूर और उन पत्रकारों के प्रति एकजुटता व्यक्त करने के लिए गए थे, जिन पर हाल ही में हमले किए गए। पाकिस्तान की सरकार के मुताबिक वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का समर्थन करती है, लेकिन मानवाधिकार समूह पाकिस्तानी सेना और उसकी एजेंसियों पर अकसर पत्रकारों को परेशान करने तथा उन पर हमले करने का आरोप लगाते रहे हैं।

पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग की प्रमुख हिना जिलानी ने मंगलवार को एक संवाददाता सम्मेलन में तूर पर हमले, मीर को टीवी शो से निकालने और अन्य पत्रकारों पर हमले की निंदा की। उन्होंने कहा, '' पत्रकारिता कोई अपराध नहीं है। असहमति कोई अपराध नहीं है।



# गुजरात सरकार ने 12वीं कक्षा की राज्य बोर्ड परीक्षाएं रद्द कीं




**अहमदाबाद।** कोविड-19 वैश्विक महामारी के बीच केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 12वीं कक्षा की परीक्षाएं रद्द किए जाने के केंद्र के फैसले के बाद गुजरात सरकार ने भी राज्य बोर्ड की 12वीं कक्षा की आगामी परीक्षाएं रद्द करने का बुधवार को फैसला किया।

राज्य सरकार ने हाल में घोषणा की थी कि विज्ञान एवं सामान्य विषयों के छात्रों के लिए 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए एक जुलाई से आयोजित की जाएंगी।

शिक्षा मंत्री भूपेंद्र सिंह चूड़ासमा ने गांधीनगर में कैबिनेट की बैठक में भाग लेने के बाद संवाददाताओं से कहा, ''राज्य सरकार ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा के छात्रों की परीक्षा रद्द करने के केंद्र के फैसले को ध्यान में रखते हुए गुजरात माध्यमिक और उच्च माध्यमिक बोर्ड (जीएसएचएसबी) की 12वीं कक्षा की परीक्षाओं को रद्द करने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा, ''जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छात्रों के व्यापक हित में सीबीएसई की 12वीं कक्षा की परीक्षा रद्द करने की मंगलवार को घोषणा की थी, उसी तरह हमारी सरकार ने भी एक जुलाई से शुरू होने वाली राज्य बोर्ड परीक्षा रद्द करने का फैसला किया है।'' उन्होंने कहा कि गुजरात आगे केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करेगा। चूड़ासमा ने कहा कि राज्य ने 10वीं और 12वीं कक्षा की परीक्षा में दोबारा बैठने वाले छात्रों के संबंध में अभी कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि स्कूलों के लिए सात जून से शुरू हो रहा आगामी शैक्षणिक सत्र महामारी के मद्देनजर ऑनलाइन आरंभ होगा।

गुजरात स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, मंगलवार तक गुजरात में कोरोना वायरस संक्रमण के कुल 8,10,730 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें से 9,855 लोगों की मौत हो चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि कोरोना महामारी की दूसरी लहर के मद्देनजर केंद सरकार ने सीबीएसई की 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा रद्द करने का मंगलवार को निर्णय लिया।

# आजादी के तिहत्तर वर्ष बाद भी नही हो सका, निर्माणाधीन आईटीआई मार्ग का निर्माण

## राष्ट्रीय राजमार्ग से निकलने वाला बटुआ शहीद मार्ग बहा रहा अपनी दुर्दशा पर आँसू







**अमेठी।** जनपद के तिलोई विधानसभा क्षेत्र इनहौना की ग्राम पँचायत क्षेत्र मे जनता विद्धालय से बटुआ शहीद की मजार मार्ग अपनी दुर्दशा पर आँसू बहा रहा है ,आजादी के तिहत्तर साल बाद भी इस मार्ग का दुरूस्तीकरण नही करवाया जा सका है । लखनऊ सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग जुड़ा यह मार्ग जनता विद्धालय से । बटुआ शहीद की मजार तक 2 किमी तक पूरी तरह से गढ्डों मे तब्दील है जबकि , इस मार्ग पर हजारो राहगीरों लोगों का प्रतिदिन आवामन रहता है ,इस मार्ग से पडोसी जनपद बाराबंकी के तमाम मजदूर औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर की फैक्ट्रियों मे अपनी जीविका चलाने के लिए मजदूरी करने के लिए इसी मार्ग से आते जाते है , और मजदूरी के वाहन सायकिल ,मोटरसायकिल बरसात के महीने मे कीचड़ से भरे गडढों मे गिर जाती है ,जिसमे घायल होने पर अस्पतालों मे भर्ती होना पडता है । इस सडक मार्ग के निर्माण के लिए अमेठी मे प्रतिनिधित्व करने वाले कई बडे नेताओं राजीव गांधी , कैप्टन शतीश शर्मा , डा. सँजय सिंह , राहुल गाँधी , सोनिया गांधी , सहित काँग्रेस के सभी नेताओं ने इस मार्ग के निर्माण के लिए सैकड़ो बार माँग की लेकिन इस मार्ग का निर्माण नही हो सका । दूसरी ओर 2019 मे काँग्रेस के साँसद रहे राहुल गांधी को हराकर भारतीय जनता के टिकट से अमेठी की साँसद बनी ईसमृति ईरानी से भी दर्जनों बार इस मार्ग के निर्माण के लिए क्षेत्रवासियों ने माँग की लेकिन इस मार्ग के निर्माण के लिए जनप्रतिनिधियों ने अपना ध्यान आकर्षित नहीं किया । इस मार्ग की बदहाली और निर्माण कराने की माँग को लेकर 2019--2020 मे सिंहपुर विकास खण्ड मुख्यालय पर ग्रामीणो ने धरना प्रदर्शन भी किया तत्कालीन खण्ड विकास अधिकारी रहे बीडीओ ने इस मार्ग का निर्माण कराने का आशवासन भी दिया लेकिन अभी तक इस मार्ग का निर्माण नही हो पाया है । मजेदार बात यह है कि विगत वर्ष से आईटीआई विद्धालय का। निर्माण कार भी चल रहा है इस मार्ग पर ही बड़े-बड़े गड्ढों से चलकर अमेठी जिले के जिलाधिकारी अरुण कुमार ,तथा मुख्य विकास अधिकारी डॉक्टर अंकुर लाठर ने निर्माणाधीन आटीआई विद्धालय का औचक निरीक्षण भी किया है लेकिन सडक की बदहाली पर उनकी नजर ही नही पडी । यहाँ पर यह कहना मुनासिब होगा कि इस मार्ग की जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने भी उपेक्षा की है, जिसके चलते अमेठी जनपद से बाराबंकी जिले को जोडने वाला मार्ग उपेक्षित होकर रह जाता है । इस समस्या के समबन्ध मे सिंहपुर की कार्यवाहक खंड विकास अधिकारी प्रीती वर्मा से जानकारी ली गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें इस मामले मे कोई जानकारी नही है ।

### भाजपा की करनी और कथनी मे अँतर

आम आदमी पार्टी के नेता राजेश प्रभात वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार की करनी और कथनी मे अँतर है । अमेठी जिले मे दो राज्य मँत्री और एक केंद्रीय मँत्री जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे है लेकिन अमेठी जिले के विकास पर नजर डाली जाय तो यही लगता है कि सरकार की कथनी और करनी मे अँतर है ।

### मार्ग की दुर्दशा देख सपा नेता ने मिट्टी डलवाकर पटवाये थे गड्ढे

जनता विद्धालय से निकलने वाले आईटीआई इन्हौना मार्ग पर जनता की कठिन मुसीबतें देखकर हैदरगढ बाराबंकी के एक सपा युवा नेता जाबेद खान का दिल पसीज गया था उन्होंने 2019--तथा 2020 मे एक नही दो दो बार इस मार्ग के गडढों मे मिट्टी डलवाकर अपने निजी खर्च से इस सडक की मरम्मत करवाने का काम किया था। लेकिन बरसात मे फिर इस कच्चे मार्ग की हालत दयनीय बन गई है , वर्तमान समय मे इस मार्ग पर पैदल चलना दुशवार है । सपा नेता जाबेद खान ने कहा की केंद्र और प्रदेश मे भाजपा की मौजूदा सरकार है ,तिलोई मे भाजपा का मौजूदा विधायक है फिर भी विकास की जमीनी हकीकत यह है ।

### बोले जनप्रतिनिधि

इस मामले मे नवनिर्वाचित जिला पँचायत सदस्य तथा सपा नेता विकास यादव ने इस खराब मार्ग की हकीकत देखी और मौके का निरीक्षण करते हुए कहा कि आईटीआई मार्ग पूरी तरह से मौत का कुआँ बन चुका है , विकास खँड अधिकारी सिंहपुर ,तथा जिला प्रशासन को इस समस्या पर अमल करना चाहिए ।

### मार्ग नहीं बना तो होगा धरना प्रदर्शन –अवधेश मिश्रा

समाज सेवी अवधेश कुमार मिश्रा (बबलू भैया ) ने कहा कि आजादी के तिहत्तर साल बीतने के बाद जनता विद्धालय, आईटीआई वाया बटुआ शहीद मार्ग की जनप्रतिनिधियों से लेकर प्रशासन ने भी उपेक्षा ही की है इस मार्ग का निर्माण नहीं कराया जा रहा है । बरसात बाद यदि इस सडक का निर्माण नही कराया गया तो सिंहपुर विकास खण्ड मुख्यालय पर क्षेत्रवासियों तथा ग्रामीणो का जोरदार धरना प्रदर्शन होगा जिसकी जिम्मेदारी तिलोई तहसील और जिला प्रशासन की होगी ।

### बोले प्रधान प्रतिनिधि

इन्हौना ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सरफराज ने कहा कि इस मार्ग का दुरुस्तीकरण मनरेगा योजना से करवाया जायेगा ,लेकिन नई जिम्मेदारी मिली है खुली बैठक मे प्रस्ताव पारित करवाकर इस मार्ग का निर्माण बेहतर ढंग से करवाया जायेगा ।

सपा नेता कालीशंकर के लगातार मांग के फलस्वरूप

# शासन को स्वीकृति हेतु भेजी गई चौरी-चौरा स्थित भोपा बाजार रेलवे ढाला ओवर ब्रिज की कार्ययोजना

» मुख्यमंत्री घोषणा करने के कई महीने बाद भी नही स्वीकृत हो पाई रेलवे ढाला ओवर ब्रिज की कार्ययोजना।

» जल्द से जल्द ये परियोजना स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए



**चौरी चौरा / प्रशान्त राय।** सपा नेता कालीशंकर यादव जनता की आवाज और जरूरतों की मांग को बुलंद किये हुए हैं। इसी के अंतगर्त कालीशंकर के लगातार मांग के फलस्वरूप चौरी-चौरा स्थित भोपा बाजार 147 बी रेलवे ढाला ओवर ब्रिज की कार्ययोजना को आज स्वीकृति हेतु शासन को भेजा गया। कालीशंकर की माँग है की जल्द से जल्द ये परियोजना स्वीकृत कर निर्माण कार्य शुरू किया जाए। ज्ञात हो कि लगातार किये गये प्रयासों के फलस्वरूप चीफ प्रोजेक्ट मैनेजर सेतु निगम संदीप गुप्ता ने प्रस्ताव को चीफ इंजीनियर PWD Bridges उ.प्र. लखनऊ वी.के.श्रीवास्तव को भेजा। जिस पर दिनांक 3 जून को वी.के.श्रीवास्तव ने उक्त प्रस्ताव को कार्ययोजना में डालकर शासन को भेजा दिया। सपा नेता कालीशंकर प्रशासन से मांग किया है कि है कि जल्द से जल्द इस कार्ययोजना को स्वीकृत कर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य शुरू किया जाए।

संज्ञान रहे कि मुख्यमंत्री घोषणा करके चले गए पर कई महीने बीतने के बाद अभी रेलवे ढाला ओवर ब्रिज की कार्ययोजना शासन से स्वीकृत नहीं हो पाया है। चौरी-चौरा स्तिथ भोपा बाजार 147 बी रेलवे ढाला ओवर ब्रिज को मुख्यमंत्री द्वारा बनाने की घोषणा के महीनो दिन बाद भी अभी तक कार्ययोजना तथा बजट पास नहीं हुआ है जिससे ओवर ब्रिज का कार्य अधर में लटका हुआ है और हजारो लोगो को घोर असुविधा झेलनी पड़ रही है। इस रेलवे क्रासिंग से दर्जनों गांव और मुंडेरबाज़ार का संपर्क है तथा इमरजेंसी सेवा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लगाये दर्जनों स्कूल व कॉलेज, बैंक आदि है।

# अडतालिस घंटे बाद भी लाखों की लूट का खुलासा नहीं कर सकी पुलिस

## हवा में तीर चला रही पुलिस

**जगदीशपुर-अमेठी ।** पुलिस को चुनौती देते हुए अज्ञात बदमाशो ने फिल्मीअंदाज में गाडी में लोड लाखों का माल लेकर फरार हो गए ।जिसकी रिपोर्ट दर्ज करने के बाद अडतालिस घंटे का समय गुजर गया परन्तु अभी तक पुलिस हवा में तीर मार रही है और घटना का खुलासा करने में पुलिस नाकाम रही जिसके चलते व्यापारियों व व्यवसायियों में दहशत व्याप्त होकर जनता में चर्चा का विषय बना हुआ है । थाना क्षेत्र के अंतर्गत सिधियावा गाँव के निकट हाईवे पर एक जून की भोर फिल्मी अंदाज में घटना उस वक्त घटी जब औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर से अब्दुल इण्ड0 फैक्ट्री से चालक शिवकुमार मौर्य महिन्द्रा मैक्सी ट्रक में मेट्रो आलमारी लाद कर वाराणसी जा रहे थे कि अज्ञात इनोवा कार सवार बदमाशो ने रोक कर नम्बर दो का माल भरकर तस्करी करने की बात कहते हुए अपने को पुलिस बता कर गाडी को थाने ले जाने के बहाने गाडी पर बैठा कर आगे बढ़े कुछ दूर जाने के बाद चालक को धक्का देकर नीचे उतार दिया और माल समेत गाडी लेकर फरार हो गए ।रोता बिलखता चालक थाने पहुंचा तो पता चला कि लुटेरे चकमा दे गये । घटना की खबर मिलते ही पुलिस के हाथ पैर फूल गये घटना स्थल का निरीक्षण करने के बाद आसपास छान मारा परन्तु लुटेरे बहुत दूर निकल चुके थे ।गाडी मालिक की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा तो दर्ज कर लिया लेकिन घटना के अडतालिस घंटे बीत जाने के बाद भी सांप तो निकल गया पुलिस लकीर पीट रही है ।घटना का सुराग लगाने में नाकाम पुलिस अब तक सिर्फ हवा में तीर चला रही है घटना से क्षेत्र के धंधा व्यवसाय करने वाले व्यापारियों में दहशत का माहौल व्यापत है तथा जनमानस अपने को असुरक्षित महसूस कर रहा है ।इस समबन्ध में क्षेत्राधिकारी मुसाफिर ख़ाना मनोज कुमार यादव ने बताया कि घटना के खुलासे के लिए पुलिस की टीम गठित कर दी गई है जल्द ही लुटेरों पुलिस की पकड़ में आ जाएँगे ।

# दुकाने खुलने से बाजारों में दिखी रौनक

**जगदीशपुर अमेठी ।** कोरोना महामारी व लाकडाउन के दौरान अधिकतर व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद होने के कारण मजदूरों और व्यापारियों के चेहरो पर मायूसी छा गई थी वहीं हालातों में कुछ सुधार होने व कोरोना संक्रमितो की संख्या कम होते ही परिस्थितियां अनुकूल होते ही प्रशासन ने पाबंदियों में भारी राहत दी है प्रशासन की ओर से जारी दिशा निर्देश सुबह से दुकानें खुलने से कस्बे की बाजार में फिर से रौनक़ लौट आई और व्यापारियों के चेहरे पर हंसीं और खुशहाली देखने को मिली ।

जगदीशपुर विकास खंड सहित विभिन्न बाजार व मार्केट खुल गये हैं और जारी दिशा निर्देशो को ध्यान में रखते हुए सभी दुकानदारों ने मंगलवार को सुबह 07:00बजे दुकान खोली और शाम 07:00बजे बंद कर दी वहीं लोगों को बाजार खुलने की जानकारी होने पर जरूरत के सामान खरीदने के लिए बड़ी संख्या मे बाजार का रूख किया और अपनी मन पसन्द दुकान पर खरीदारी की जहाँ बाजार में काफी दिनों बाद हलचल व दुकान पर ग्राहक देखने को मिले ।उधर प्रशासन की ओर से जारी गाइडलाइन में कहा गया है कि ग्राहक व दुकानदारों को कोविड नियमों का पालन करना होगा ।सार्वजनिक स्थानो पर पाँच व्यक्तियों से अधिक एकत्र होने की मनाही है कोरोना अभी खत्म नहीं हुआ है इस लिए प्रशासन द्वारा जारी दिशा निर्देशो का पालन करना बहुत जरूरी है वहीं प्रशासन ने भी दुकानदारों एवं ग्राहकों से कोविड नियमों का पालन करने की अपील की है। बाजारों के खुलते ही जहाँ एक तरफ ग्राहक और दुकानदारों को राहत मिली है वहीं कोतवाली में तैनात वरिष्ठ उप निरीक्षक सन्तोष त्रिपाठी उपनिरीक्षक अखिलेश प्रजापति महेन्द्र सरोज ने दुकानदारों को बताया कि सप्ताह में केवल पाँच दिन दुकाने खुली रहेंगी शनिवार और रविवार को पूरी तरह से बंद रहेगी । सभी लोग कोविड नियमों का पालन करें सावधानी बरते मास्क का शत प्रतिशत उपयोग व सेनेटाइजर का इस्तेमाल करें साथ ही साथ दो गज की दूरी बनाए रखने की कोशिश करें व बिना मास्क पहने आने वाले ग्राहकों को मास्क लगाने व सामाजिक दूरी बनाए रखने के लिए जागरूक करें ।

# पत्रकार से अभद्रता व बाइक चालान के मामले में अमेठी पुलिस कर रही पत्रकारों को गुमराह

## जांच अधिकारी क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना को दो दिन बाद भी मामला संज्ञान में नही है

**अमेठी।** जहां एक तरफ प्रदेश सरकार के मुखिया योगी आदित्यनाथ पत्रकारों की सुरक्षा का दावा कर रही है।और पत्रकारों से अभद्रता करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने व सजा का दावा कर रही हैं।वही दूसरी तरफ सरकार के नुमाइंदे पुलिस कर्मी आये दिन पत्रकारों से अभद्रता करते नजर आते हैं।ताजा मामला अमेठी जिले के मुसाफिरखाना तहसील के जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र से है।जहां बीते 31 मई को खबर कबरेज कर जा रहे पत्रकार को जगदीशपुर पुलिस के द्वारा की जा रही वाहन चेकिंग के वीडियो बनाने से झल्लये उपनिरीक्षक सन्तोष कुमार त्रिपाठी ने पत्रकार को उसकी औकात दिखने की बात कह कर खड़ी गाड़ी पर बिना हेलमेट का एक हज़ार रुपये का ऑनलाइन चालान कर दिया।वही इस मामले में जब पत्रकारों ने खबरों को सोशल मीडिया पर चलाया और अखबारों में प्रकाशित किया तो उसी दिन अमेठी पुलिस ने ट्विटर पर मामले की जांच मुसाफिरखाना क्षेत्राधिकारी को सौंपने की बात कह कर अपना पल्ला झाड़ लिया।वही इस मामले में जब आज 2 जून को हमारे सवांददाता ने क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखान मनोज कुमार यादव से कार्यवाही के सम्बंध में जानकारी लेने का प्रयास किया तो क्षेत्राधिकारी ने बताया कि ऐसा कोई मामला संज्ञान मेरे संज्ञान में नही है।यदि कोई मामला आता है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।ऐसे में अब यह सवाल उठता है कि अमेठी पुलिस ट्विटर पर सिर्फ जवाब के नाम पर खानापूर्ति करती है।वही जांच अधिकारी तक को दो दिन बाद तक मामला संज्ञान में नही रहता है।

# वलसाड के जोधपुर स्वीट मार्ट में ग्राहक को कृमिवाली मिठाई देने की वज़ह के चलते खाद्य एवं ड्रगस विभागने कि रेड

**वलसाड ।** वलसाड शहर के जोधपुर स्वीट मार्ट का ग्राहक उस समय हैरान रह गया जब दुकानदार ने कीड़ों वाली मिठाई पार्शल कर दी पिछले काफी समय से कोविड महामारी के कारण जीवन की आवश्यक वस्तुओं को छोड़कर सभी दुकानें बंद थी , जिन्हें हाल ही में गुजरात सरकार ने खोलने की अनुमति दी है। केबी मॉल के सामने जोधपुर स्वीट मार्ट नामक एक मिठाई की दुकान में, शोएब मलिक नाम के एक ग्राहक ने अपने 5 साल के बच्चे के लिए मिठाई खरीदी थी और अपनी पत्नी को दे दी।शोएबभाई की पत्नी ने शोएब भाई को फोन पर सूचित कियाकि जो मिठाई आप लाये हो उसमे कीड़ है शोएबभाई तुरंत इस बात के चलते जोधपुर स्वीट मार्ट में गए और दुकानदार को पूरी घटना की जानकारी दी। शोएबभाई ने खाद्य एवं औषधि विभाग और वलसाड जिला कलेक्टर को लिखित में जोधपुर मिठाई की लापरवाही और लोगों के स्वास्थ्य के साथ छेड़छाड़ की जानकारी दी उसके चलते फूड एन्ड ड्रगस विभाग कि ने इस स्वीट मार्ट मे रेड करके मिठाई के सेम्पल को जप्त करके आगे कि कार्रवाई कर रहे है.

# पुलिस ने दो स्पा सेंटरों पर छापेमारी कर मैनेजर, चार युवती एवं तीन ग्राहकों को किया गिरफ्तार

**वापी।** वापी-दमण रोड पर चला में स्थित दो स्पा सेंटरों पर वापी टाउन पुलिस ने छापा मारकर मजिस्ट्रेट की धिसूचना का उल्लंघन करने वाले स्पा के मैनेजर, तीन ग्राहक सहित वहां काम करने वाली चार युवतियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वापी के चला स्थित चॉपर्स गेट में स्थित पीसलिली स्पा पार्लर में वापी टाउन पुलिस ने छापा मारकर स्पा सेंटर खोलकर जिला मजिस्ट्रेट की अधिसूचना को भंग करने वाले पीसलिली स्पा पार्लर के मैनेजर करण कुमार दास पिल्लू (निवासी-दमणिया एंक्लेव, खारीवाड दमण) स्पा में काम करने वाली 19 साल से 27 साल की चार युवतियों के खिलाफ पुलिस ने कानूनी कारवाई शुरू की है। इसके उपरांत पुलिस ने वहां मसाज करवाने आये नवसारी के सुरेश गोंडलिया, सिलवासा के देवेंद्र सिंह तथा दमण के अरविंद कुमार शर्मा को भी गिरफ्तार किया है। टाउन पुलिस चौकी में लाकर सभी के विरूद्ध अधिसूचना भंग करने के जुर्म में आईपीसी की धारा 188 के अंतर्गत गुनाह दर्ज करके आगे की जांच शुरू की है।

## बीच-बचाव करने गई महिला को दिया धक्का लगी सर में गंभीर चोट हुई मृत

# मारपीट व धक्का देने वाली महिलाओं को किया गया गिरफ्तार- सीओ कैंपियरगंज



**गोरखपुर।** कैंपियरगंज थाना अंतर्गत महिलाओं के आपसी विवाद को लेकर मारपीट बीच-बचाव करने गई बुजुर्ग महिला की हुई मृत्यु। कैम्पियगज क्षेत्र के जगदीशपुर टोला पर संगीता चौधरी व खुशबू चौधरी के बीच किन्हीं बातों को लेकर गाली गलौज मारपीट हो रहा था एक बुजुर्ग महिला गाली गलौज व मारपीट देख रहा नहीं गया समझाने बुझाने व बीच बचाव करने 75 वर्षीया कलावती पत्नी गंगा प्रसाद पहुंच गई किसी ने बुजुर्ग महिला को धक्का दे दिया जहां बुजुर्ग महिला कलावती गिर गई जसके सिर में गम्भीर चोट लग गया वहीं पर बुजुर्ग महिला की मृत्यु हो गई किसी ने कैम्पियगज पुलिस को सूचना दी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घटनास्थल पर पहुंचकर मृत महिला कलावती की लाश को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया मारपीट करने वाली महिलाओं को गिरफ्तार कर ली। क्षेत्राधिकारी कैंपियरगंज अजय कुमार सिंह ने बताया कि कैंपियरगंज थाना अंतर्गत जगदीशपुर टोला में महिलाएं आपस में मारपीट कर रही थी बीच बचाव करने पहुंची कलावती पत्नी गंगा प्रसाद को किसी ने धक्का दे दिया जिनके सिर में गंभीर चोट आ गई चोट लगने से 75 वर्षीय वृद्ध कलावती का मृत्यु हो गया मारपीट करने वाली महिलाओं को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्यवाही की गई।

# कब्रिस्तान में गिरे विशाल पेड़ को दमकल विभाग ने हटाया



**दीव।** ताउते तूफान में दीव जिले में कई विशाल और पुराने पेड़ धराशायी हो गए थे। दीव के कब्रिस्तान में भी पुराना और घटादार पेड़ गिर गया था। प्रवेश द्वार पर ही पेड़ गिरने से कब्रिस्तान में आने में बहुत परेशानी हो रही थी। रविवार को फायर ब्रिगेड की टीम ने बड़ी जहमत से पेड़ को काटकर वहां से दूर किया। चाउते चक्रवात में दीव में कई पेड़ गिर गए थे और फायर बिग्रेड की टीम ने पहुंचकर सभी पेड़ों को दूर किया था।

# औद्योगिक मंदी और कोरोना के कहर के बीच दानह में वैट और यूजीएसटी कलेक्शन रहा 470 करोड़

**सिलवासा।** दादरा नगर हवेली में 1972 के बाद औद्योगिक स्थापन का कार्य शुरू हुआ था। 1990 और 2000 के बीच दादरा नगर हवेली के लिए स्वर्ण काल माना जाता है क्योंकि तत्कालीन केंद्रीय सरकारों द्वारा दादरा नगर हवेली में औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने के लिए वैट और केंद्रीय उत्पाद शुल्क में भारी छूट दे दी गई थी। जिसके कारण इन वर्षों में दादरा नगर हवेली में लगभग 2,000 से अधिक औद्योगिक इकाइयों का स्थापना हुआ और धीरे-धीरे दादरा नगर हवेली भारतीय मानचित्र पर टेक्सटाइल, पेट्रोलियम, मेडिसिन, प्लास्टिक, मार्बल और स्टील के उत्पादन का केंद्र बन चुका था। इस दौरान देश के अन्य राज्यों के मुकाबले दादरा नगर हवेली में बुनियादी विकास की रफ्तार बहुत ही तेज रही और उसका मुख्य कारण था प्रदेश में हो रहे उद्योग विकास। 2017 में करो में छूट की अवधि पूरा होने के बाद प्रदेश में वैट कलेक्शन और केंद्रीय उत्पाद शुल्क कलेक्शन में तेजी से इजाफा हुआ और सबसे अधिक राजस्व की प्राप्ति वित्तीय वर्ष 2019 और 2020 में रहा जो लगभग 580 करोड़ के करीब था। लेकिन 2019 में ही वैश्विक स्तर पर महामंदी की दस्तक और कोविड 19 जैसे महामारी आने के बाद दुनिया भर की औद्योगिक उत्पादन पर इसका बुरा असर हुआ जिसके कारण कई देशों ने अपने जीडीपी रेटिंग को अपने कैलेंडर से ही हटा दिया तो कितने ही देश पर कैपिटा इनकम के सिलेबस को आर्थिक विकास दर से निकाल दिए। इसके बावजूद भारत में आर्थिक विकास की दिशा में ऐसे कोई कदम नहीं उठाए गए और ना ही राज्यों पर इसका कोई असर दिखा। औद्योगिक उत्पादन से लेकर के सकल घरेलू उत्पादन का मूल्यांकन और रेखांकन पूर्वज की तरह चलता रहा। यहीं कारण है कि कोरोना काल होने के बावजूद दुनिया भर के आर्थिक विशेषज्ञ भारत की अर्थव्यवस्था को लेकर पूरी तरह से सुनिश्चित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था आने वाले कुछ वर्षों में विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन कर उभर आएगी। दादरा नगर हवेली में भी यहीं असर देखने को मिल रहा है। दादरा नगर हवेली वैट विभाग द्वारा चालू वित्तीय वर्ष 2000 और 2021में जहां पर वैट कलेक्शन 218.24 करोड़ रहा तो वहीं पर यूजीएसटी कलेक्शन 250.70 करोड़ रहा जबकि केंद्रीय उत्पाद शुल्क की गणना इस कलेक्शन में नहीं की जाती है। उसके बावजूद दादरा नगर हवेली में वित्तीय वर्ष 2020-2021 में 470 करोड़ रुपए का रिकॉर्ड तोड़ राजस्व वैट और जीएसटी विभाग द्वारा कलेक्ट किए गए जोकि औद्योगिक मंदी के बावजूद विभाग बेहतरीन प्रदर्शन करने में कामयाब रहा है। वहीं पिछले वर्ष के मुकाबले भले ही यह 100 करोड़ पीछे हो लेकिन पिछले एक वित्तीय वर्ष से कोरोना महामारी के कारण दादरा नगर हवेली की अर्थव्यवस्था दूसरे राज्यों की तरह पटरी से नहीं उतरी बल्कि उसके राजस्व में मामूली गिरावट देखी गई है। जबकि औद्योगिक उत्पादन और औद्योगिक स्थापन का काम अभी भी जारी है। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले वित्तीय वर्ष में दादरा नगर हवेली राजस्व कलेक्शन में बेहतरीन प्रदर्शन करेगा।

# मसाट नहर से अज्ञात शव बरामद

## मृतक की पहचान अभी बाकी

**सिलवासा।** दादरा नगर हवेली के मसाट पंचायत विस्तार में गल्फ कंपनी के पीछ वाली नहर में बुधवार दोपहर करीब 35 वर्षिय अज्ञात व्यक्ति की सड़ी-गली लाश पुलिस ने बरामद की। बताया जाता है कि नहर में बहते लाश को जब वहां के लोगों ने देखा तो उन्होंने इसकी सूचना मसाट आउटपोस्ट को दी। जिस पर तुरंत पीएसआई अनिल टी.के. पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच गये। सूचना मिलते ही सिलवासा थाना प्रभारी सबास्टियन देवासिया भी मौके पर पहुंचे। जहां बहती लाश को फायर ब्रिगेड के कर्मियों को बुलाकर नहर से बाहर निकाला गया, तो काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी लाश की बदबू से सांस लेना मुश्किल हो रहा था। फिलहाल पुलिस ने मौके पर ही शव का पोस्टमार्टम कराकर लाश को कोल्डरूम में रख दिया है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पायी है। वह कैसे पानी में पहुंचा, किसी ने उसकी हत्या कर दी या अन्य किन्ही कारणों से उसकी मौत हो गयी, इन सभी ऐंगल पर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कारवाई कर रही है।

# दानह भारत स्काउट गाइड को विश्व तम्बाकू दिवस पर लायन्स क्लब द्वारा स्मार्ट एलईडी टीवी की सप्रेम भेंट

**सिलवासा।** विश्व तम्बाकू दिवस पर लायन्स क्लब अध्यक्ष जयेश सेठ, अमी पॉलिमर्स संचालक जिगीशा गाँधी, मीना तंवर अध्यक्ष कृष्णा केंसर ऐड एसोसिएशन, दानह स्काउट गाइड फेलोशिप अध्यक्ष डॉ दीपक पटेल, देवेंद्र सिंह, उपाध्यक्ष आलोक इंडस्ट्रीज, एवं पूरी टीम का संयुक्त रूप से अर्पिता मिश्रा, अर्पित यादव, श्रुति मोर्या ने संयुक्त रूप से कलर पार्टी द्वारा सभी का स्वागत किया गया। साथ ही संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई साथ ही स्मार्ट एलईडी टीवी का उदघाटन रिबन काटकर जयेश सेठ ने दानह भारत स्काउट गाइड के सुपुर्द किया। कृष्णा केंसर ऐड एसोसिएशन कोशाध्यक्ष सोनिया सिंह द्वारा अजय हरिजन, भावना तिवारी, अदिति सिंह, अर्पिता मिश्रा, सरस्वती चौधरी, खुशी चौधरी ने व्यसन मुक्ति पर निक्कड़ नाटक की विशेष प्रस्तुति दी साथ ही मीणा तंवर ने व्यसन बचाव में विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद लड़कियों को होने वाली पीरियड्स की परेशानियों के समाधान के लिए अमी पॉलिमर्स अध्यक्षा जिगीशा गाँधी एवम टीम द्वारा पेड़ के उपयोग ना करते हुए कप के उपयोग पर विशेष रूप जानकारी द्वारा इसके होने वाले लाभ से भी अवगत कराया गया जिससे कि आज के युग के युवतियाँ में पीरियड्स होना एक सामान्य प्रक्रिया है लेकिन इससे होने वाले दुस्प्रभाव से लड़कियों को अनेक तरह कि दिक़्क़तों का सामना करना पड़ता है। इसके लिए उन्हें भविष्य के लिए अभी से ही सतर्क एवं सावधान होना अति आवश्यक है जिससे कि पेड़ के उपयोग से उनके शरीर के अंगों में किसी भी तरह की पीड़ा एवम केमिकल के शरीर के अंदर जाने से असावधानी न हो सके इसके लिए उन्होंने कप के उपयोग पर विशेष रूप से ध्यान को आकर्षित किया एवम बताया कि यह उपयोग में भी आसान है साथ ही लंबे समय तक उपयोग कर शरीर में किसी भी तरह की हानि ना इससे संतुष्ट रहेंगे। इसके बाद प्रश्नोत्तर द्वारा सभी कोरोना वारियर्स का आज के इस दूसरे चरण के विषम काल में उनका उत्साह बढ़ाते हुए अमी पॉलिमर्स द्वारा लड़कियों के साथ साथ सभी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मान किया गया। इसके बाद डॉ दीपक आर पटेल ने स्काउट गाइड फेलोशिप पर विस्तृत जानकारी देते हुए कुछ नए सदस्य का स्कार्फ़ पहनाकर स्वागत किया जिनमें रोटरी क्लब अध्यक्षता स्तुति गर्ग, एम्पास टीम अध्यक्ष सुरेश काले, व्यवसायी शाश्वत पॉल, अजय वर्मा, विनीता वर्मा, युवा सदस्या प्रीति गोस्वामी, सेवा के लिए सदैव तत्पर स्वरूपा शाह, राहुल शाह के साथ साथ जो बच्चे आज के इस विसम परिस्थिति में भी अपने अभिभावक के आदेश के सक्रिय भागीदारी देकर दानह प्रशासन की आदेश एवम सहायता में सदैव तत्पर रहते हैं इसके लिए उनके माता एवम पिता का मुख्य भूमिका रहती है जिनमें खुशी एवम सरस्वती के माता एव पिता राजा चौधरी, संगीता चौधरी, गौरव पाटिल की माता मनीषा पाटिल इसके लिए उन्हें भी स्काउट गाइड की क्रियाकलापों से स्कार्फ़ पहनाकर जोड़ा गया एवम सम्मानित भी किया गया। अंत में जयेश सेठ को स्मार्ट एलईडी टीवी भेंट स्वरूप देने एवम सदैव सक्रिय भागीदारी के लिए संयुक्त रूप से स्मारिका देकर सम्मानित किया गया जिसमे कृष्णा केंसर ऐड एसोसिएशन ने मुख्य भूमिका निभाई सर्च ही अपने वक्तव्य में अपनी खुशी जाहिर करते हुए जयेश सेठ ने स्काउट गाइड के सक्रिय भागीदारी की प्रशंसा की साथ ही स्वम भी स्काउट गाइड की कार्यकलापों से जुड़ने का निर्णय लिया डॉ दीपक पटेल ने जयेश सेठ जिगीशा पटेल मीना तंवर को स्कार्फ़ एवम केप पहनाकर सदस्यता से जोड़ा साथ ही रेपिड टेस्ट में सक्रिय भूमिका निभाने वाली अनिता गुप्ता को भी विशेष रूप से टोपी एवम बैज भेंट देकर उनका उत्साह बढ़ाया की लड़की होकर भी पूरी 73 सदस्य टीम की जिम्मेदारी निभा रही है। दानह स्काउट गाइड फेलोशिप द्वारा डीडीडी बीएसजी न्यूज़ चैनल की समाचार वक्ता अति प्रभावशाली 14 वर्षीय भावना तिवारी को इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा स्मारिका एवम लायंस क्लब के रमेश चमाड़िया द्वारा 500 नकद राशि भेंट कर सम्मानित किया गया। इसमें मुख्य रूप से सोनिया तंवर, रुबीना सैयद, अजय हरिजन, रहमान शेख एवम ऋषि तन्ना का महत्वपूर्ण योगदान रहा इस पूरे कार्यक्रम का संचालन स्वरूपा शाह ने किया।

# ताउते चक्रवात के कारण मछुआरों की हालत दयनीय



**दीव।** गत दिनों आए ताउते चक्रवात के कारण दीव के मछुआरों की हालत दयनीय हो गई है। गुजरात के मछुआरों के लिए राज्य सरकार ने राहत पैकेज की घोषणा की है लेकिन दीव के मछुआरों के लिए अभी तक कोई राहत पैकेज घोषित नहीं हुआ है। दीव के मछुआरों के लिए भी राहत पैकेज देने की मांग उठी है। दीव में गत दो वर्ष से कोरोना और तीन - तीन तूफानों के कारण मछुआरों को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान हुआ है। सरकार द्वारा राहत पैकेज घोषित होने पर उन्हें मदद मिल सकती है।

# एनएलआरएमपी प्रोग्राम अंतर्गत नया जमीन रिकॉर्ड तैयार

**सिलवासा।** सिलवासा उपसमाहर्ता डॉ. अपूर्व शर्मा ने सार्वजनिक नोटिस जारी कर अथोला एवं वाघछीपा, पटेलाद सिलवासा-1, दादरा एवं नगर हवेली के समाविष्ट जमीन मालिकों को बताया है कि संघ प्रशासन द्वारा एन.एल. आर.एम.पी. प्रोग्राम अंतर्गत यह गांव की पुनःमापनी (रि-सर्वे) किया गया है और नया जमीन रिकॉर्ड तैयार किया गया है। आगामी 30 दिनों के भीतर कार्यालय के समय अनुसार ग्राम पंचायत कार्यालय में नया बनाया गया जमीन रिकॉर्ड सभी जनता को देखने एवं जांच-पड़ताल के लिए खुला रखा जाएगा। नया बनाया गया जमीन रिकॉर्ड में मालिकाना हक, क्षेत्रफल, हदनिशान इत्यादि के बारे में किसी व्यक्ति या पक्ष को आपत्ति हो तो समय मर्यादा अनुसार जमीन दस्तावेज के साथ लिखित में आपत्ति दर्ज कराये। अगर कोई व्यक्ति द्वारा नियत समय मर्यादा में आपत्ति या तकरार नहीं पाया गया तो नया बनाया गया जमीन रिकॉर्ड आखिरी मानकर डी.एन.एच. लैंड रेवेन्यू एडमिनिस्ट्रेशन-1971 की कलम 73 (कलम 21 साथ में पढ़ा गया), कलम 77, 80 एवं 81 के तहत पायी गयी सत्ता से यह रिसर्वे रिकॉर्ड प्रमाणित कर मान्य कर दिया जाएगा। नया रिसर्वे रिकॉर्ड सभी जनता को देखने एवं जांच-पड़ताल के लिए सर्वे ऑफिस-सिलवासा कार्यालय में 31 मई से 14 जून-2021 तक खुला रखा जाएगा। लिखित आपत्ति अर्जी के विश्लेषण 15 से 20 जून तक होगा. आपत्ति की सुनवाई एवं न्याय निर्णयन 21 से 23 जून 2021 तक किया जाएगा। आपत्ति की सुनवाई एवं न्याय निर्णयन में अगर मापणी के हुकम किया गया हो तो पुनः मापणी, नया नक्शा बनाना, रिकॉर्ड में सुधार करने एवं रिकॉर्ड को मान्य करने का कार्य 24 जून से 30 जून-2021 तक किया जाएगा।

# मिठाई में से कीड़ा निकलने पर खाद्य एवं औषध विभाग ने लिये सैम्पल

**वलसाड़।** वलसाड़ में एक नामी दुकान से खरीदी गई मिठाई में से कीड़ा निकलने का मामला सामने आया है। इसकी शिकायत मिलने पर खाद्य और औषध विभाग ने दुकान में जाकर मिठाइयों की जांच की और लैब में रिपोर्ट करवाने के लिए सैम्पल लिया है। जानकारी के अनुसार वलसाड़ में जोधपुर स्वीट्स की दुकान में एक व्यक्ति ने मिठाई खरीदी थी और उसे खाने के लिए निकाला तो उसमें कीड़े दिखाई दिए। मिठाई लेकर वह पुनः दुकान में गया और इसकी शिकायत की। लेकिन दुकानदार ने उल्टे उसके साथ ही विवाद शुरू कर दिया। लेकिन जब उसने इस मामले की शिकायत खाद्य विभाग में करने की चेतावनी दी तो दुकानदार सफाई पेश करने लगा। उसने हवाला दिया कि कई दिन से दुकान बंद रहने के कारण मिठाइयों में कीड़े पड़ गए होंगे। लेकिन उस व्यक्ति ने विभाग में इसकी शिकायत कर दी। शिकायत मिलते ही खाद्य एवं औषध विभाग के अधिकारी वहां पहुंच गए तथा दुकान की मिठाइयों की जांच की। इस जांच में भी कीड़े दिखे। विभाग ने कई मिठाइयों का सैम्पल लिया है।

## दीव में कोरोना वैक्सीनेशन में तेजी

# रैपिड टेस्ट करने के बाद लोगों का किया गया टीकाकरण





**दीव।** दीव में एक और दो जून को ग्रामीण विस्तार में टीकाकरण का आयोजन किया गया था। इसके अंतर्गत एक एवं दो जून को वणांकबारा गांव की माध्यमिक स्कूल तथा साउदवाड़ी पंचायत हॉल एवं घोघला की सरकारी प्राइमरी इंग्लिस स्कूल में वैक्सीनेशन कैम्प आयोजित कर लोगों को कोरोना की वैक्सीन लगाई गई। 18 से ज्यादा उम्र के लोगों को वैक्सीन का पहला एवं दूसरा डोज लगाया गया। वैक्सीन से पहले लोगों का पहले रैपिड टेस्ट किया गया और निगेटिव रिपोर्ट के बाद ही वैक्सीन लगाई गई। वैक्सीनेशन अभियान को सफल बनाने में एनसीसी और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने भी योगदान दिया।

# दीव किले में स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट अंतर्गत जारी कार्यो का दीव कलेक्टर सलोनी राय ने किया निरीक्षण



**दीव।** पीएम मोदी के केन्द्रशासित प्रदेश थ्रीडी के प्रति विशेष स्नेह एवं लगाव एवं प्रशासक प्रफुल पटेल के प्रयास के कारण इस प्रदेश के दो-दो शहर स्मार्ट सिटी योजना में शामिल किये गये है। दीव किले में स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत अनेक सुविधाएं एवं सौंदर्यीकरण पर काम चालू है। दीव जिला कलेक्टर सलोनी राय ने अपने अधीनस्थ अधिकारियों एवं स्मार्ट सिटी की टीम के साथ दीव किले की मुलाकात कर किले में चल रहे प्रोजेक्ट कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होंने स्मार्ट सिटी से जुडी टीम को जरुरी दिशानिर्देश भी दिये। ज्ञात हो कि भारत सरकार के पुरातत्व विभाग द्वारा दीव के प्राचीन किले को आदर्श स्मारक के रुप में घोषित किया है। दीव का स्मार्ट सिटी में समावेश होने के बाद प्राचीन किले में भी पर्यटकों को आकर्षित करने वाले लाइट एन्ड साउंड शो, क्राफेटेरिया, शॉप, आडियो विज्युल सेंटर, वाईफाई, साईन बोर्ड, रेस्टोरेंट सहित की सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेगी।

# वापी के कस्टम रोड पर श्रमजीवी युवक की हत्या

**वापी।** वापी के चला विस्तार में बहन और बहनोई के साथ रहने वाला 35 वर्षीय राजस्थानी युवक अमरसिंह डामोर वापी में रहकर मजदूरी करता था। मंगलवार को वापी चला कस्टम रोड पर खुले मैदान में अज्ञात लोग युवक पर धारदार हथियार से हमला कर फरार हो गए। जबकि प्रत्यक्षदर्शियों ने तुरंत इसकी सूचना वापी टाउन पुलिस को दी। घटना के बाद टाउन पुलिस की टीम स्थल पर पहुंची। जानकारी के अनुसार अमरसिंह की पत्नी और 3 बच्चे राजस्थान के बासवांडा में रहते है। मंगलवार को अमरसिंह हमेशा की तरह मजदूरी के लिए घर से निकला था तभी कस्टम रोड पर अज्ञात लोगों ने उसपर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। जबकि शव को वहीं छोड़कर हमलावर फरार हो गए। पुलिस ने स्थल पर पहुंचकर अमरसिंह के शव को पीएम के लिए भेज दिया।

# नेहरु युवा केन्द्र सिलवासा ने पेटिंग प्रतियोगिता का किया आयोजन

**सिलवासा।** भारत सरकार युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत नेहरु युवा केन्द्र सिलवासा द्वारा गुनसा गांव एवं दुधनी में पेटिंग प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें 50 से भी ज्यादा युवाओं ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता का मकसद युवाओं का मनोबल बढाना एवं उनकी प्रतिभा को बढाना है। इस कोरोना काल में यह प्रतियोगिता ऑनलाइन आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन नेहरु युवा केन्द्र सिलवासा के राष्ट्र स्वयं सेवक नरेन्द्र राउत द्वारा किया गया।



**वार्ड नं 1 मनु भाई दयात हर साल बारिश को देखते हुए रोड का हालत बड़ा गंभीर हो जाता है इस साल उन्होंने बारिश आने से पहले रोडो का मरम्मत करने के लिए बारिश को देखते हुए रोड का काम मनु भाई दायात दायत फलिया के कुछ विस्तार में खुद खड़ा होकर रोडो का कार्य कराने में लगे हुए हैं।**

# भाजपा ने सुलपड़ में अनाज और मास्क का किया वितरण



**वापी।** केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के सात साल पूरा होने के उपलक्ष्य में वापी शहर भाजपा संगठन कई सेवा कार्यक्रम चला रहा है। इसके अंतर्गत मंगलवार को शहर भाजपा अध्यक्ष सतीष पटेल की अगुवाई में कई सेवा कार्य किया। वार्ड नंबर दस के सुलपड़ विस्तार में अनाज किट, मास्क और सेनेटाइजर का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में विधायक कनु देसाई, संगठन महामंत्री दिलीप पाटील, नगर पालिका प्रमुख विट्ठ पटेल सहित स्थानीय वार्ड के पार्षद और अन्य कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रिजेक्ट शैम्पू और साबुन के साथ टेम्पो चालक गिरफ्तार

**वापी।** जीआईडीसी पुलिस ने थर्ड फेज से गलत ई वे बिल से रिजेक्ट शैम्पू और साबुन भरकर आ रहे टेम्पो चालक को गिरफ्तार किया है। कहा जा रहा है कि इस रिजेक्ट शैम्पू और साबुन को लगाने पर चर्म रोग हो सकता है। पुलिस की ओर से मिली जानकारी के अनुसार जीआईडीसी पुलिस ने करवड से सी टाइप की ओर आ रहे टेम्पो को रोककर जांच की। उसमें भरे माल की ई वे बिल की जांच की तो टेम्पो चालक ने महादेव ट्रेडिंग कंपनी करवड के एड्रेस वाला इन्वाइस नंबर दिया और माल मंगाने वाली पार्टी का नाम महाशक्ति ट्रेडर्स लिखा था। लेकिन मौके पर जो टेम्पो पकड़ा गया था उसका नंबर अलग था। टेम्पो की जांच में 2320 लीटर वाटर मिक्स रिजेक्ट शैम्पू एवं साबुन के बॉक्स मिले। इसके बाद टेम्पो चालक नारायण भद्रा को को गिरफ्तार किया। पुलिस ने करीब 4.40 लाख का माल सामान जब्त किया है। पूछताछ में उसने बताया कि यह माल सी टाइप के रहने वाले मोहन माव ने मगंवाया था और वहां से रिटेल में लोगों को बेचता है। कहा गया है कि यह शैम्पू और साबुन त्वचा के लिए नुकसानदेह है। पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।



भारतीय भाग्य सेवा संस्था एनजीओ के दुआर सिलवासा के कुछ विस्तार में मास्क का वितरण किया गया और लोगो को बताया गया कि अभी करोना पूरी तरह से ख़तम नहीं हुआ है घर से निकलने वक्त मास्क जरुर पहने और करोना को दूर भगाए और सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें

# वन धन योजना को केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली के साथ-साथ दमन और दीव तक किया जाएगा विस्तारित

**नई दिल्ली।** वन धन योजना के क्रियान्वयन में हुई प्रगति की समीक्षा के लिए राज्य स्तर पर वेबिनार की श्रंखला के आयोजन को आगे बढ़ाते हुए TRIFED दमन और दीव में राज्य टीमों और केंद्र शासित प्रदेशों दादरा और नगर हवेली के साथ-साथ VDVK के साथ संपर्क सत्र आयोजित किया गया। यह सत्र मुख्य रूप से योजना के कार्यान्वयन में प्रगति के संदर्भ में भविष्य की रूपरेखा का अनुमान लगाने पर केंद्रित किया गया था। भाग लेने वाली कार्यान्वयन एजेंसियों के साथ विचार-विमर्श के आधार पर, यह निर्णय लिया गया कि, इस वर्ष कम से कम 10 वीडीवीकेसी का गठन किया जाएगा जिसके लिए एक अतिरिक्त प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाएगा। 2 SFURTI समूहों के लिए फिलहाल कार्य चल रहा है। केंद्र शासित प्रदेशों में डेयरी सहकारी ढांचे के मौजूदा एसएचजी को वन धन योजना से जोड़ने पर सहमति भी बन गई। बैठक के दौरान वीडीवीकेसी के लिए पांच चरणों की योजना बनाने पर भी सहमति बनी। इन पांच चरणों की योजना बनाने से पहला कदम प्रत्येक वीडीवीकेसी में एमएफपीएस की खरीद के लिए वस्तुओं की पहचान करना और शेड के साथ-साथ गोदाम भी खरीदना है। इसमें एक नियोजित बुनियादी ढांचे की सुविधा के विकास को मजबूत करना शामिल है। अपने दूसरे चरण में, स्थानीय गैर सरकारी संगठन या जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार और प्रत्येक क्लस्टर के लिए प्रत्येक क्लस्टर में एनआरएलएम अधिकारियों को मेंटर के रूप में नियुक्त करना , खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर करके सभी क्लस्टर के लिए राशि रिलीज करने की बात का समावेश है।

# नगर पालिका में वर्चुअल सामान्य सभा

**वापी।** कोरोना महामारी को देखते हुए वापी नगर पालिका की सामान्य सभा वर्चुअल हुई। इसमें नपा प्रमुख विट्ठल पटेल, सीओ दर्पण ओझा और कारोबारी समिति के चेयरमैन नपा सभागार में उपस्थित हुए और पार्षदों के साथ वर्चुअल कार्यवाही संपन्न की। इस दौरान एजेंडे पर लिए गए गत सामान्य सभा की कार्यवाही और विभिन्न समितियों के प्रस्तावित कार्यों सहित सभी कामों को सर्वसम्मति से मंजूरी प्रदान की। आगामी प्रोजेक्टों के बारे में भी पार्षदों को जानकारी दी गई। लेकिन वहीं दूसरी तरफ सामान्य सभा की कार्यवाही में वर्चुअल शामिल हुए विपक्षी पार्षद खंडू पटेल ने आरोप लगाया कि बार बार माइक बंद हो जाने से कुछ भी ठीक से सुनाई नहीं दिया। जब तक लोग इस बारे में कुछ समझते सामान्य सभा खत्म कर नपा में बैठे प्रमुख सहित राष्ट्रगान गाने लगे। उन्होंने फिर से सामान्य सभा की कार्यवाही की मांग की।

# राजद्रोह को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, हर जर्नलिसट संरक्षण का हकदार

नई दिल्ली। बीजेपी नेता की शिकायत पर दर्ज किया था राजद्रोह का केस, एफआईआर के खिलाफ दुआ ने ली थी SC की शरण। सुप्रीम कोर्ट ने वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ के खिलाफ राजद्रोह का मामला रद्द कर दिया है। SC ने कहा कि वर्ष 1962 का आदेश हर जर्नलिस्ट को ऐसे आरोप से संरक्षण प्रदान करता है। गौरतलब है कि एक बीजेपी नेता की शिकायत के आधार पर विनोद दुआ पर दिल्ली दंगों पर केंद्रित उनके एक शो को लेकर हिमाचल प्रदेश में राजद्रोह का आरोप लगाया गया था। एक एफआईआर में उन पर फर्जी खबरें फैलाने, लोगों को भड़काने, मानहानिकारक सामग्री प्रकाशित करने जैसे आरोप लगाए गए थे।

सत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक अशोक कुमार तिवारी, द्वारा किलवनी रोड, सिलवासा, दादरा एवं नगर हवेली, आमली, सिलवासा-396230 से प्रकाशित एवं तहलका ऑफसेट, 612/बी न्यू जी.आई.डी.सी. गुंडलाव, वलसाड़ - 396001 से मुद्रित । E-mail - sumansagardnh@gmail.com। मो. नं. 9979629024 । कार्यालय नं.: 02602641861

CMYK CMYK